रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 24 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-332 मूल्य 3.00 ₹

# युवाओं को रोजगार, किसानों, महिलाओं, वेतनभोगियों को राहत



पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने किसानों और कृषि क्षेत्र के साथ ही महिलाओं के लिए तोहफा तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के अतिरिक्त वेतनभोगियों को मानक छूट में बढ़ोतरी देकर राहत देते हुये मंगलवार को पेश आम बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर दर्शायी है। नयी कर व्यवस्था में मानक छूट बढ़ायी गयी है जबकि पुरानी कर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बजट में बदलती अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिए क्षेत्रवार महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर काम करने की योजना के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के महत्वपूर्ण सहयोगी दलों द्वारा शासित बिहार और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों को बड़ी पूंजीगत सहायता आवंटित की गयी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजकोषीय मजबूती के लिए घोषित योजना पर कायम रहते हुये चालू वित्त वर्ष में 48.21 लाख करोड़ रुपये के व्यय की व्यवस्था की है जिसमें पूंजीगत व्यय को 11.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक रखते हुये राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त मंत्री ने केन्द्र में लगातार तीसरी बार बनी मोदी सरकार का पहला और अपना सातवां बजट पेश करते हुये कहा, अंतरिम बजट में, हमने 'विकसित भारत' के हमारे लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करने का वादा किया था। अंतरिम बजट में निर्धारित कार्यनीति के अनुरूप, इस बजट में सभी के लिए भरपूर अवसर का सृजन करने के लिए नौ प्राथमिकताओं के संबंध में सतत् प्रयासों की परिकल्पना की गई है। इन नौ प्राथमिकताओं में कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास ऊर्जा सुरक्षा, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान और विकास और अगली पीढ़ी के सुधार शामिल है। उन्होंने कहा कि आयकर की नयी कर व्यवस्था लोकप्रिय हो रही है और अब इसके तहत वेतनभोगियों के लिए मानक छूट को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये तथा पारिवारिक पेंशन की आय पर इस छूट को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये की जा रही है। नयी कर व्यवस्था में कर दर संरचना को संशोधित करने का प्रस्ताव किया गया है- शून्य से तीन लाख रुपए तक शून्य, तीन से सात लाख रुपए तक को पांच प्रतिशत कर, सात से 10 लाख रुपए तक 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख रुपए तक 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख रुपए तक 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपए से अधिक पर 30 प्रतिशत कर का प्रावधान किया गया है। सीतारमण ने कहा कि इन संशोधनों के परिणामस्वरूप, नई कर व्यवस्था में वेतनभोगी कर्मचारी को आयकर में 17,500 तक कर लाभ होगा। दो तिहाई व्यक्तिगत आय करदाता अब नयी कर व्यवस्था को अपना रहे हैं। उन्होंने शेयर बाजारों में अत्यधिक तेजी को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं के बीच पूंजीगत लाभ पर और बाजार से संबंधित कुछ अन्य करों में संशोधन का प्रस्ताव किया है जिससे शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखी गयी। बजट में सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को 15 प्रतिशत से कम कर छह प्रतिशत कर दिया गया है। कुछ विशिष्ट उपयोग के लिए आयातित इस्पात पर शुल्क को घटाया है। इसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक समान, मोबाइल फोन आदि के कलपुर्जों के आयात शुल्क में कटौती की गयी है। सरकार ने कैंसर की तीन दवाओं को आयात शुल्क से मुक्त कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को समाज के हर वर्ग के लिए बेहतर अवसर, नयी ऊर्जा एव उज्ज्वल भविष्य लाने वाला करार दिया है और कहा है कि यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा जबकि विपक्ष विशेषकर कांग्रेस ने इसको 'कुर्सी बचाए' रखने के लिए गठबंधन के सहयोगियों की बात मानकर उन्हें खुश करने वाला बजट करार दिया और कहा कि इसमें कांग्रेस के न्याय एजेंडे की नकल का विफल प्रयास किया गया है।

शेष पेज 2 पर....

## समाज के हर वर्ग के लिए उज्जवल भविष्य लाएगा आम बजट : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट 2024-25 को समाज के हर वर्ग के लिए बेहतर अवसर, नयी ऊर्जा एव उज्ज्वल भविष्य लाने वाला करार दिया है और कहा है कि यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। मोदी ने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश किया गया वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट की सराहना करते हुए कहा, ÷देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने वाले इस महत्वपूर्ण बजट के लिए मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम बहुत-बहुत बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्य वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है। ये नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट से शिक्षा और कौशल को नया विस्तार मिलेगा। ये मध्य वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट है। ये जनजातीय समाज, दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस बजट से छोटे व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा।



## मुख्यमंत्री साय ने कहा- केंद्रीय बजट विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट प्रस्तुत हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का सांतवां बजट दूरदृष्टि और दृढ निश्चय का बजट है। यह सबका बजट है, सबके लिए, सबके विकास का बजट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में कृषि और रोजगार पर सबसे अधिक ध्यान देना इसे ऐतिहासिक बनाता है। छत्तीसगढ़ के लिए सबसे विशेष बात यह है कि जहां 1.52 लाख करोड़ रूपये कृषि क्षेत्र के लिए रखे गये हैं, कृषि क्षेत्र का ऐतिहासिक पैकेज देश में एक नयी हरित क्रांति लाकर किसानों को समृद्ध बनायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय उन्नत ग्राम योजना लांच हुई है। इससे जनजाति समाज के 63 हजार गांव और 5 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों को इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप और इंटर्नशिप के दौरान पांच हजार रूपए महीना देने का प्रावधान रखा गया है। रोजगार कौशल के लिए 2 लाख करोड़ की स्कीम शुरू की जा रही है। इसके साथ ही मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गयी है, जिससे युवाओं को स्टार्ट-अप में मदद मिल सकेगी। इस योजना से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। वहीं, बजट में घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक का एजुकेशन लोन प्रावधान किया गया है। जिससे शिक्षा व स्किल को नई ऊंचाई मिलेगी।



## नीट यूजी 2024 परीक्षा रद्द नहीं होगी, सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा कराने की गुहार ठुकराई

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद्द कर दोबारा आयोजित कराने की गुहार मंगलवार ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाएं ठुकराते हुए कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद आंकड़े प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से सार्वजनिक होने के संकेत नहीं देते हैं। पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उपलब्ध आंकड़ों की जांच में कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके की प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने समेत अन्य अनियमितताओं के पीछे परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की प्रणालिगत विफलता है। पीठ ने कहा, हमारा विचार है कि रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के आधार पर इस अदालत द्वारा प्रतिपादित स्थापित सिद्धांतों के आधार पर पूरी परीक्षा को रद्द करने का आदेश देना उचित नहीं है। पीठ ने हालांकि कहा कि यदि जांच में में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि का पता चलने पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद किसी भी स्तर पर ऐसे किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी अभ्यार्थी इस धोखाधड़ी में शामिल पाया जाता है या लाभार्थी है, उसे नामांकन जारी रखने में किसी भी निहित अधिकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा। पीठ ने कहा कि यह सच है कि नीट यूजी 2024 का प्रश्न पत्र हजारीबाग और पटना में सार्वजनिक हुआ था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि हजारीबाग और पटना के केवल 155 विद्यार्थी ही इसके (प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं) के लाभार्थी थे।



## सरकार ने सामाजिक न्याय के हमारे विचार को बजट में अपनाया : चिदम्बरम

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 में सामाजिक न्याय के उसके विचार को महत्व दिया है और जिस युवा प्रोत्साहन की बात कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में की थी उसे सरकार ने बजट में रखा है और उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को और पढ़कर सरकार उसके सामाजिक न्याय तथा जन कल्याण के विचार को इसी तरह से लागू करती रहेगी। चिदम्बरम ने बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा यह देखकर खुशी हुई कि वित्तमंत्री ने कांग्रेस के न्याय पत्र को तल्लीनता से पढ़ा है। मैं पहले ही ट्वीट कर कह चुका हूं कि मुझे खुशी है कि वित्तमंत्री को लोकसभा 2024 चुनावों के बाद कांग्रेस का घोषणापत्र पढ़ने का मौका मिला। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन - एलआई योजना, प्रशिक्षु के लिए भत्ते के साथ प्रशिक्षुता योजना और एंजेल टैक्स के उन्मूलन पर हमारे प्रस्तावों में अंतर्निहित विचारों को वस्तुतः बजट में अपनाया गया है। काश वित्त मंत्री ने कांग्रेस के घोषणापत्र से कई और विचार अपनाए होते। उन्होंने कहा मैंने बजट पर टिप्पणी करने के लिए एक टेम्पलेट बनाया और देश की अपेक्षाएँ बताते हुए प्रासंगिक विवरण तैयार कर प्रतिक्रिया मांगी लेकिन हैरानी की बात है कि कुछ मामलों पर कोई प्रतिक्रिया ही नहीं मिली। बेरोजगारी बड़ी चुनौती है और कुछ दर्जन या कुछ हजार पदों के लिए लाखों उम्मीदवार आवेदन करते हैं, परीक्षा देते हैं या साक्षात्कार में शामिल होते हैं। सीएमआईई के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत है।




एक जिम्मेदार करदाता होने के लिए आपका धन्यवाद

क्या आपका रिफंड बकाया है?

तो कृपया ध्यान दें:
- रिफंड के दावे, सत्यापन जांच के अधीन है, जिससे रिफंड में देरी हो सकती है।
- सटीक आयकर विवरणी दाखिल करने पर रिफंड की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होती है।
- किए गए दावों में किसी प्रकार की कोई विसंगति होने पर संशोधित विवरणी दाखिल करने का अनुरोध किया जाएगा।

क्या करें:
- ई-फाईलिंग पोर्टल नियमित रूप से देखें।
- अपनी आयकर विवरणी के संसाधन (प्रोसेसिंग) से संबंधित किसी सूचना को देखें।
- सूचना के आधार पर तुरंत अपेक्षित कार्रवाई करें।
- सुनिश्चित करें कि किए गये सभी दावे सही और सटीक हैं।

क्या न करें:
- टी.डी.एस. राशि का गलत दावा
- अपनी आय कम दर्शाना
- कटौती को बढ़ाकर दिखाना
- फर्जी खर्चों के दावे प्रस्तुत करना

यह जांचने के लिए कि समापन हेतु कोई कार्रवाई का मद लंबित है, तो कृपया ई-फाईलिंग पोर्टल https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/ पर लॉग इन करें और संसाधन (प्रोसेसिंग) की स्थिति जांचने के लिए "डैसबोर्ड" पर जाएं और Pending Action>>Worklist section पर जाएं

झूठा या फर्जी दावा दाखिल करना एक दंडनीय अपराध है।

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अधिक सहायता के लिए कृपया आयकर विभाग की वेबसाइट: www.incometax.gov.in पर जाएं

@IncomeTaxIndia | incometaxindia.official | Income Tax India Official | @incometaxindiaofficial | incometaxindia.gov.in

cbc 15401/13/0003/2425

# साय सरकार पर दीपक बैज ने साधा निशाना, कहा- दुशासन की सरकार को उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगा कांग्रेस का प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस प्रदर्शन करने जा रही है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदर्शन से एक दिन पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार रिमोट कंट्रोल सरकार बन गई है. सात महीनों में ही अलोकप्रिय साबित हो गई है. इस दुशासन की सरकार को उखाड़ फेंकने तक कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा. इसे भी पढ़ें : विधानसभा मानसून सत्र : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया पीएम आवास का मुद्दा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज मंगलवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि साय सरकार का बदहाल सात महीना रहा है. विष्णु देव के सुशासन की सरकार कहीं नजर नहीं आ रही है. बलौदाबाजार हिंसा, नक्सली घटनाएं, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, लूट, चाकूबाजी, हत्या जैसी घटनाएं बढ़ गई है. माफि या का राज चल रहा है. बैज ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर कल ऐतिहासिक जंगी प्रदर्शन करने वाली है. हमारे कार्यकर्ता प्रदेश के कोने-कोने से कल रायपुर पहुंच रहे हैं. इस दुशासन की सरकार को उखाड़ के फेंकते तक कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा. इस दौरान दीपक बैज ने प्रदेश की आपराधिक घटनाओं का बुलेटिन 'अपराधगढ़' का विमोचन किया.

### केंद्रीय बजट को बताया निराशाजनक

पीसीसी दीपक बैज ने केंद्र के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि किसान और खेती की उपेक्षा की गई. उन्होंने कहा कि बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष प्रावधान, लेकिन छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं है. बजट देश को निराश करने वाला और आम आदमी पर बोझ डालने वाला है. 4 करोड़ मकान बनाने का वादा था, लेकिन 1 करोड़ मकान के लिए ही प्रावधान किया गया. वित्तमंत्री बजट पेश कर रही थीं, और शेयर मार्केट गिर रहा था. ऑल ओवर देखा जाए तो बजट निराशाजनक रहा है।

# कस्टम ड्यूटी घटाये जाने की घोषणा से सोना में 3500 व चांदी 3000 रुपए की गिरावट

*सोने चांदी के कस्टम ड्यूटी में कमी घरेलू निवेशकों के लिए फायदेमंद - हरख*

**रायपुर।** केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री ने कस्टम ड्यूटी में कमी करने का ऐलान किया जिससे सराफा बाजार में कीमत घटने का असर तत्काल देखा गया। आगे और भी कमी आयेगी। आयात शुल्क कम होने से सराफा बाजार में गिरावट आ गई आज सोने में 3500 रुपए 10 ग्राम एवं चांदी में लगभग 3000 प्रति किलोग्राम भाव में कमी आई है। सराफा बाजार की बहु प्रशिक्षित मांग सोने एवं चांदी में आयात शुल्क



(कस्टम ड्यूटी)में कमी करने की इस बजट में पूरी हुई इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरखमालू ने कहां है कि केंद्रीय बजट 2024 में सोना चांदी की आयात शुल्क में 6 प्रश कम करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में और भारत के बाजार में सोने एवं चांदी के भाव में एकरूपता आएगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय स्वर्णकारों द्वारा निर्मित कलात्मक आभूषणों की मांग के अनुसार सोने के जेवर का निर्यात बढ़ेगा जिससे सराफा में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे एवं सरकार के राजस्व के रूप में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होगी श्रीमालू ने कहा सोने के भाव कम होना घरेलू निवेशको के लिए काफी फायदेमंद है।

# जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नीतिगत अनिश्चितता की चपेट में है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि जारी है: धरम लाल कौशिक

## 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना भी केंद्र सरकार का लक्ष्य है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने कहा है कि केंद्र के बजट में कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब, महिला, किसान, युवा पर बजट में फोकस किया गया है। कृषि क्षेत्र के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया गया है। जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नीतिगत अनिश्चितता की चपेट में है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि जारी है। उन्होंने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं का पांच साल में दो लाख करोड़ रुपये के आवंटन से रोजगार मिलेगा, उनका कौशल बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए मकानों का ऐलान ग्रामीण विकास के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 1 करोड़ शहरी गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों को लाभ मिलेगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि टीडीएस के नियमों को सरल करने, आयकर में टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव और स्टैंडर्ड डिडक्शन में की गई बढ़ोत्तरी का स्वागत किया और कहा कि अमृतकाल का यह बजट हर मायने में संतुलित और महत्वपूर्ण है। रोजगार के अवसरों की संभावनाओं का द्वार खोलते हुए केंद्र सरकार ने रोजगार और कौशल उन्नयन के लिए 1 लाख करोड़ और नए रोजगार के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करते हुए 5 साल में 4 करोड़ रोजगार मुहैया कराने का संकल्प व्यक्त किया है। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 30 लाख नौकरियाँ देने का इरादा बजट में व्यक्त करके युवाओं के विकास और आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त किया है। श्री कौशिक ने कहा कि केंद्र राजग सरकार ने अपने प्रस्तुत बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए तीन लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करके नारी उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया है। बजट में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करने का संकल्प व्यक्त कर देश के 63 हजार ग्रामों के 5 करोड आदिवासियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य व्यक्त किया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि केंद्र सरकार 109 उच्च पैदावार वाली फसलों पर फोकस करते हुए दलहन, तिलहन और सब्जियों की उत्पादकता बढ़ाने पर भी ध्यान दे रही है और 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना भी केंद्र सरकार का लक्ष्य है। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करने के साथ ही सिंचाई के लिए साढ़े 11 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान कृषि क्षेत्र के समुन्नत होने का स्वर्णिम अवसर है। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को अगले 5 साल जारी रखने की घोषणा भी स्वागत योग्य है।

# शिक्षा निदेशक के खिलाफ एक सप्ताह में करें कार्रवाई: हाईकोर्ट

एजेंसी ◄ नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक महाबीर सिंह बिष्ट के खिलाफ एक सप्ताह के अदंर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष और लोकसभा चुनाव में टिहरी से निर्दलीय प्रत्याशी बाबी पवार की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद मंगलवार को ये निर्देश जारी किये। बिष्ट पर गढ़वाल मंडल के अपर निदेशक रहते हुए सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड के स्थानांतरण के साथ ही विधि अधिकारी की नियुक्ति में अनियमितता के आरोप हैं। यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने रिश्तेदार की नियुक्ति प्रक्रिया में अनुचित लाभ लिया है। विभागीय जांच में आरोपों की पुष्टि हुई है। शासन जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके उलट आरोपी को माध्यमिक शिक्षा का निदेशक नियुक्त कर दिया गया। दूसरी ओर सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि आरोपी अधिकारी का पक्ष जानने के लिये नोटिस जारी कर दिया गया है। अदालत ने एक सप्ताह के अदंर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

# आम बजट अमृत काल के लिहाज से बहुत ही अहम: आनंदीबेन

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम बजट अमृत काल के लिहाज से बहुत ही अहम है क्योंकि यह देश के 140 करोड़ लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक न्याय दिलाने वाला है। राज्यपाल ने कहा बजट में किसान, गरीब, युवा तथा महिला सभी के लिए कुछ न कुछ है। इसलिए मैं कह सकती हूं कि आज प्रस्तुत बजट देश को आर्थिक एवं सामाजिक न्याय देने वाला है, जिसमें मध्यम वर्ग को न्याय, औद्योगीकरण को बढ़ावा, बेरोजगारों को रोजगार तथा गरीब आदिवासीह एवं अल्पसंख्यकों को न्याय देने की व्यवस्था है। उन्होने कहा कि बजट में कृषि एवं सामाजिक क्षेत्र का विशेष ध्यान रखने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास एवं युवाओं के कौशल विकास पर बल देने से अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पटेल ने कहा कि बजट में नौ प्राथमिकताएं निर्धारित की गयी हैं, जिसमें खेती में उत्पादकता, रोजगार और क्षमता विकास, समग्र मानव संसाधन विकास, सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, नवाचार, शोध और विकास तथा अगली पीढ़ी के सुधार हेतु अनेक कारकों का प्राथमिकता दिया जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि पीएम गरीब कल्याण योजना को पांच साल के लिए बढ़ाये जाने से 80 करोड़ से अधिक लोग लाभन्वित होंगे। इसके साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

# राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने बजट को सराहा

**जयपुर।** राजस्थान में राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने मंगलवार को वित्त मंत्री सीतामरण द्वारा पेश किये गये बजट की सराहना करते हुये इसे किसानों और खाद्य व्यापारियों के लिये सकारात्मक बताया है। संघ के अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता ने कहा कि बजट में कृषि उत्पादन एवं कृषि जिन्सों विशेषकर तिलहन और दलहन में आत्मनिर्भरता होने की बात कही गयी है। साथ ही तिलहन में मस्टर्ड, सोयाबीन, मूंगफली, सनफ्लावर, सीसम को इंगित किया गया है। उन्होंने कहा कि तिलहन की उपज बढ़ाने की लिये नयी किस्में ईजाद की जायेंगी। 32 फसलों की 109 किस्में लायी जायेगी, इससे फसलों का उत्पादन बढ़ेगा एवं किसान की आय बढ़ेगी। इससे देश में तेल का आयात कम होगा और बाजार को अधिक विदेशी मुद्रा खर्च नहीं करनी पड़ेगी।

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई सेना के जवान की मौत, चार घायल

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित स्कॉर्पियो के पेड़ से टकराने से सेना के जवान की मौत हो गई, तथा चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्कॉर्पियो पर सवार लोग खैरा के बाबा गिधेश्वर नाथ मंदिर से सावन माह के पहले सोमवारी पर पूजा अर्चना कर अपने घर बंझुलिया गांव लौट रहे थे। इस दौरान एक बाईक सवार को बचाने के क्रम में स्कॉर्पियो सडक किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस घटना में सेना के जवान अजीत पांडे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## देवरिया में दो युवकों की हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में अलग-अलग क्षेत्रों दो युवकों की हत्या से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सलेमपुर क्षेत्र के छिहौरा गाँव निवासी आखिर(22) रविवार रात खाना खाकर घर के बरामदे में सोया था। रात में किसी समय उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। उसका रक्तरंजित शव आज सुबह गाँव के किनारे पड़ा मिला। एक अन्य घटना मदनपुर क्षेत्र के ग्राम टड़वा में हुई। गोरखपुर जिले के गोला क्षेत्र के ग्राम छोटी देवरी गांव निवासी अच्छे लाल पासवान(38) मदनपुर क्षेत्र के ग्राम टड़वा में अपने ससुराल आया था। रविवार देर रात वह कहीं से अपनी ससुराल आ रहा था कि गांव के पास कुछ लोगों ने उसकी गला काटकर हत्या कर दी। मृतक की पत्नी का कहना है कि जमीनी विवाद में हत्या की गई है। पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।




## सरकारी विद्यालय के 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**गोड्डा।** झारखंड में गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड परिसर में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा के द्वारा सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद विजय हांसदा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी (सुंदरपहाड़ी), प्रमुख, उपप्रमुख ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। इस अवसर पर सांसद हांसद ने कहा,राज्य में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने के लिये वे प्रेरित होंगे। बच्चों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, आदि झारखंड सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। सभी छात्र इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुंदरपहाड़ी सोमनाथ बनर्जी, प्रखंड कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र एवं छात्राएं मौजूद थी।

# गरीब-मध्यम वर्गीय विरोधी बजट : डॉ चरणदास महंत

*किसानो से अन्याय, महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाला बजट - डॉ चरणदास महंत*

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, केंद्र की भाजपा सरकार ने फिर से साबित किया है कि, यह भाजपा सरकार पुंजीपतियों की सरकार हैं, गरीब, मध्यम, आमजन का केवल शोषण करती हैं। पिछले दस सालों में जो लूटपाट और अन्याय इस देश के मध्यवर्ग और गरीब के साथ हुआ है वह पुनः दोहराया गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, सारा देश महंगाई से जूझ रहा है, लेकिन बजट में महंगाई के खिलाफ कदम उठाने की बात नहीं की गई। इस बजट में सिर्फअपनी कुर्सी बचाने के लिए सहयोगी दलों को खुश किया गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि, बेरोजगारी देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, कुछ दर्जन रिक्तियों या कुछ हजार पदों के लिए लाखों उम्मीदवार आवेदन करते हैं और परीक्षा देते हैं या साक्षात्कार में शामिल होते हैं। सीएमआईई के आंकड़ अनुसार देश मे बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत है, जो भारतीय इतिहास मे पहली बार है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा इस बजट में किसानों के लिए MSP (एमएसपी) की गारंटी या खाद में सब्सिडी जैसा कुछ नहीं है। वहीं रेलवे में इतनी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन रेलवे सुरक्षा, रेलवे भर्ती जैसी जरूरी चीजों की बात नहीं की गई। भाजपा मोदी सरकार ने रेलवे का बजट बहुत कमजोर बनाया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि, शिक्षा विशेष रूप से स्कूली शिक्षा व्यापक है लेकिन खराब गुणवत्ता वाली है। लगभग आधे बच्चे किसी भी भाषा में सरल पाठ पढ़ने या लिखने में असमर्थ हैं और संख्यात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण हैं। वे किसी भी कुशल नौकरी के लिए उपयुक्त नहीं हैं। केंद्र सरकार को राज्यों को इन मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहिए और मदद करनी चाहिए। शिक्षा से संबंधित एनईईटी और घोटालों से ग्रस्त राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी है। कई राज्यों ने मांग की है कि एनईईटी को खत्म कर दिया जाना चाहिए और राज्यों को चिकित्सा शिक्षा में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों के चयन के अपने तरीके अपनाने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए।

# मुड़िया पूनो मेले में बारिश बनी बाधा गोवर्धन परिक्रमा को तरसे श्रद्धालु

एजेंसी ◄ मथुरा
www.dailypioneer.com

गोवर्धन में पारंपरिक मुड़िया पूनो मेले के दौरान हुयी बारिश ने बहुत से तीर्थयात्रियों के अरमानों पर पानी फेर दिया जिससे बमुश्किल एक करोड़ तीर्थ यात्री ही गोवर्धन महराज की सप्त कोसी परिक्रमा की कर सके। मेला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार इंइस बार एक करोड़ तीर्थयात्री ही मुड़िया पूनो मेले के दौरान गिर्राज महराज की परिक्रमा कर सके। दानघाटी मन्दिर के सेवायत विष्णु पंडित के अनुसार तीर्थ यात्रियों की संख्या 95 लाख और एक करोड़ के बीच थी जबकि एसएसपी शैलेष कुमार पाण्डे के अनुसार एक करोड़ से अधिक ने गिर्राज परिक्रमा दी तथा शनिवार और रविवार को तो भीड़ का रिकार्ड टूट गया। पाण्डे का एक दशक पहले एसपी देहात के रूप में मुड़िया पूनो मेला सम्पन्न कराने का अनुभव भी रहा है। सूत्रों के अनुसार दो तरह के लोग गोवर्धन महराज की परिक्रमा करने के लिए आते हैं। धार्मिकता के रंग में सराबोर लोग मौसम की परवाह किये बिना मेले में परिक्रमा के लिए आ जाते हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि मुड़िया पूनो मेले के दौरान परिक्रमा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, वहीं दूसरी ओर वे लोग हैं जो मौसम अनुकूल होने पर ही परिक्रमा करने के लिए आते हैं। इस बार मौसम सही न होने के कारण दूसरी प्रकार के आस पास के जिलों के लोग परिक्रमा करने नही आ सके अन्यथा तीर्थयात्रियों की संख्या सवा करोड़ से अधिक पहुंच सकती थी। परंपरागत तरीके से मेले का समापन रविवार की शाम को ही हो गया था जबकि सिर मुड़ाए सनातन गोस्वामी के शिष्यों ने गाजे बाजे के साथ पतित पावनी मानसी गंगा की परिक्रमा की। इसे मुड़िया का निकलना कहा जाता है।

# नाउम्मीदी का पुलिंदा है आम बजट: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट से आम जनता के लिये नाउम्मीदी का पुलिंदा है जिसने लोगों को निराश किया है। उन्होने कहा कि इस सरकार ने दस साल में बेरोजगारी बढ़ायी है। नौजवान पक्की नौकरी चाहता है। यह सरकार आधी अधूरी नौकरी का सपना दिखा रही है। भाजपा सरकार के ग्यारहवें बजट में बेरोजगारी, महंगाई, किसान, महिला, युवा का मुद्दा नौ दो ग्यारह हो गया है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए कोई योजना नही। मंडियों के लिए बजट में कुछ नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर सब चीजों की महंगाई आसमान पर है। सरकार महंगाई नहीं कम करना चाहती है। बजट में गरीबों और महिलाओं के विकास के लिए कोई योजना नहीं है। मंडी और कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए बिना किसानों को लाभ नहीं मिल सकता है। उन्होने कहा ''ये बजट भी नाउम्मीदगी का ही पुलिंदा है। शुक्र है कि इंसान इन हालातों में भी जिंदा है। '' यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट में बिहार और आन्ध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया गया है। सरकार बचानी है तो अच्छी बात है कि बिहार, आन्ध्र प्रदेश को कुछ विशेष योजनाओं से जोड़ा गया।



## पेज एक का शेष...

उद्योग जगत ने बजट के प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए देश की सफल आर्थिक रणनीति को निरंतरता प्रदान करने वाला है। बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा के वजाय कुछ विशेष पैकेज देने का प्रावधान भी किया गया है। राजग सरकार में महत्वपूर्ण घटक जनता दल-यू तथा तेलुगु देशम पार्टी (तेदपा) को खुश करने लिए बिहार तथा आंध्र प्रदेश को विशेष सौगात दी गयी है। आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपये तथा बिहार के लिए 47 हजार करोड़ रुपए के पैकेज देने का प्रावधान किया गया है। बिहार तथा आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग लंबे समय से की जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा, जैसे अंतरिम बजट में बताया गया है, हमें चार अलग-अलग जातियों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। किसानों के लिए, हमने वादे को पूरा करते हुए सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा की है। लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मार्जिन के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ हुआ। वित्त मंत्री ने कहा, 'मुझे दो लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ पांच वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं और पहलों के प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। शिक्षा ऋण पर उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि आगामी बजटों को इनके आधार पर तैयार किया जाएगा और नई प्राथमिकताओं एवं कार्यों को शामिल किया जाएगा। 'आर्थिक नीति फ्रेमवर्क' के भाग के रूप में एक अधिक विस्तृत व्यवस्था बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के 1.52 लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। बजट में रोजगार सृजन, कौशल विकास और अन्य अवसरों के लिए दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री ने देश की आधी आबादी (महिलाओं) के लिए खास सौगात देते हुये बजट में महिलाओं पर विशेष फोकस किया है और महिलाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार ने बजट में तीन लाख करोड़ का आवंटन किया है। केंद्र सरकार ने 20 लाख युवतियों को कौशलयुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार ने पहली बार नौकरी करने वाले युवाओं और महिलाओं को पीएफमें एक महीने का वेतन देने का एलान किया है। कामकाजी महिलाओं को नौकरी के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा ना हो, इसके लिए केंद्र सरकार ने कार्यस्थल पर छोटे बच्चों की देखभाल के लिए क्रेच बनाने की योजना पर विशेष जोर देने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के लिए कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर पूंजीगत लाभ छूट सीमा को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना करने की योजना है। वायदा एवं विकल्प प्रतिभूतियों के मामले में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। शेयर पुनर्खरीद से होने वाली आय पर कर लगेगा। कर विवाद कम करने के लिए सरकार विवाद से विश्वास योजना 2024 लाने की तैयारी कर रही है। बजट में स्टार्टअप पर लगने वाला एंजेल कर को समाप्त करने की घोषणा की गयी है। विदेशी कंपिनयों पर कार्पोरेट कर को 40 प्रतिशत से कम कर 35 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए 32 कृषि और बागवानी में फसलों की 109 उच्च पैदावार और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी। देशभर में एक करोड़ किसानों को प्रमाणीकरण और ब्रांडिंग से प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन दिया जाएगा। कृषि संबंधी योजनाओं और कार्य मों को लागू करने के लिए 10 हजार जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किये जाएंगे। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उपयोग करते हुए 400 जिलों में खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा। दलहनों और तिलहनों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार इन फसलों के उत्पादन, भंडारण और विपणनन को मजबूत बनाएगी। सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसी तिलहनों 'आत्मनिर्भरता'हासिल करने के लिए एक कार्यनीति बनाई जा रही है। प्रमुख उपभोक्त ा केंद्रों के नजदीक सब्जी उत्पादन केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। सीतारमण ने कहा कि अगले पांच वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पैकेज में दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन से रोजगार के लिए तीन योजनायें शुरु होंगी। इनसे तीन करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा। इनमें तीन योजनाओं को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से लागू किया जाएगा। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को एक माह के वेतन का 15 हजार रुपए तक की तीन किस्तों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार पाने के पहले चार वर्षों में उनके ईपीएफओ योगदान के अनुसार कर्मचारी और नियोक्त ा दोनों को प्रत्यक्ष प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक उनके प्रतिमाह तीन हजार रुपए तक के ईपीएफओ योगदान की प्रतिपूर्ति की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि योजना में सभी औपचारिक क्षेत्रों में नये कामगार के रूप में शामिल होने वाले सभी नवनियुक्त व्यक्ति यों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने के वेतन का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तीन किस्तों में किया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 रुपये होगा। इस योजना के अंतर्गत पात्रता सीमा एक लाख रुपये का मासिक वेतन होगा। उन्होंने कहा, इस योजना से 210 लाख युवाओं के लाभान्वित होने की आशा है। उन्होंने कहा कि योजना में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो पहली बार रोजगार पाने वालों के रोजगार से जुड़ा है। सीधे कर्मचारी और नियोक्त ा, दोनों को रोजगार के पहले चार वर्षों में ईपीएफओ में उनके अंशदान के संबंध में एक प्रोत्साहन दिया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि इस योजना से पहली बार रोजगार पाने वाले 30 लाख युवाओं और उनके नियोक्त ाओं के लाभान्वित होने की आशा है। वित्त मंत्री ने कहा कि नियोक्त ाओं पर केंद्रित इस योजना में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार को शामिल किया जाएगा। एक लाख रुपए प्रतिमाह के वेतन के भीतर सभी अतिरिक्त रोजगारों की गणना की जाएगी। सरकार, प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के संबंध में नियोक्त ाओं के ईपीएफओ अंशदान के लिए उन्हें दो वर्षों तक 3,000 रुपये प्रतिमाह की प्रतिपूर्ति करेगी। उन्होंने कहा, इस योजना से 50 लाख व्यक्ति यों को अतिरिक्त रोजगार प्रोत्साहन मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि बजट में उधारी और कुल खर्च की तुलना में कुल प्राप्तियां क्रमशः 32.07 लाख करोड़ और 48.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। कुल कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2024-25 के दौरान सकल और कुल बाजार उधारी क्रमशः 14.01 लाख करोड़ और 11.63 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई कि 2021 में वित्तीय सशक्ति करण के लिए घोषित उपाय हमारी अर्थव्यवस्था में अच्छी तरह से योगदान दे रहे हैं, और अगले साल तक सरकार का लक्ष्य रोजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे ले जाने का है। सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 2026-27 के बाद राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयास इस तरह किए जा रहे हैं कि केंद्र सरकार का ऋण जीडीपी के प्रतिशत तक कम हो जाए। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता हुआ सितारा बना हुआ है। उन्होंने बजट पेश करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि कराधान को सरल बनाने की कोशिश की गयी है। करदाता आधार बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। भारत में कारोबारी सुगमता के लिए विदेशी कंपनियों पर कार्पोरेट कर में कमी की गयी है।

# बाढ़ पीड़ितों से मिलने किरंदुल पहुंचे कलेक्टर व एसपी





पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी की किरंदुल पहाड़ी में स्थित 11 सी लौह अयस्क खदान का तटबंध टूटने से रविवार को अचानक आई बाढ़ ने जमकर तबाही मचाई एवम लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ी थीं। उक्त घटना के बाद मंगलवार को दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी व एसपी गौरव राय किरंदुल पहुंचें व बाढ़ पीड़ितों से मिले व चैक डैम का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने राहत शिविर पहुंचकर भी लोगों से हाल चाल जाना। इसके अलावा कलेक्टर व एसपी ने एनएमडीसी के उच्च अधिकारियों से बैठक लेकर बाढ़ पीड़ितों के राहत व मुआवजा के लिए चर्चा किया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा हैं एवम पीड़ितों को ज़्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाया जाएगा फिलहाल तत्काल राहत के लिए भी व्यवस्था की जा रहीं हैं।

# बरामद किया गया 10 किलो का जिंदा आईईडी बम

## पुलिस फोर्स व बम डिस्पोजल टीम ने मौके पर पहुंचकर किया नष्ट




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव पुलिस द्वारा नियमित गस्त के लिए कैंप अर्रा से थाना इरागांव व धनोरा की सयुक्त टीम एसडीओपी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के हमराह में नक्सल प्रभावित थाना इरागांव क्षेत्र अंतर्गत कोटकोडो तमोरा किलेनर क्षेत्र में नियमित गस्त के लिए निकले थे।

गस्त के दौरान पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने के नियत से नक्सल के द्वारा लगाए गए 5-5 किलो के 2 आईईडी मिले, जिसे तत्काल कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आईईडी से संभावित बड़ी दुर्घटना रोकने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर बम डिस्पोजल टीम एवं पुलिस फोर्स द्वारा सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए तत्काल मौके पर ही आईडी बम को विस्फोट कर नष्ट किया गया। जिससे इरागांव एवं आमाबेड़ा थाना क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना होने से रोका गया।

# अयोध्या और काशी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

श्री राम लला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम और बाबा विश्वनाथ के पावन धाम काशी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था सोमवार को रवाना हुआ। न्यायालय चौक से बसों में सवार 53 श्रद्धालुओं को नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेंडी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रवाना हो रहे सभी यात्रियों को इस अवसर पर यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। यात्रियों ने भी सावन माह की प्रथम तिथि से प्रारंभ हो रहे इस यात्रा पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# सांसद महेश कश्यप ने रेल मंत्री से रेल सुविधाएं मांगने के लिए जताया आभार व धन्यवाद : जितेन्द्र सुराना

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जितेन्द्र सुराना ने आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि, बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा के मानसून सत्र की अपनी पहली पारी में बस्तर के हितों के लिए शानदार बैटिंग की उन्होंने बस्तर में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए बड़े ही सधे हुए अंदाज में मांग रखी। लोकसभा के मानसून सत्र में भाग लेते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सदन में रेलवे से जुड़े महत्वपूर्ण बाते रखे। पहली बार बड़े सदन में पहुंचे सांसद ने बड़े ही सधे हुए अंदाज में एक के बाद एक तीन मांगों के प्रस्ताव सदन में रख दिए। तीनों ही प्रस्ताव रेलवे से जुड़े हैं। सदन में बोलते हुए ने कहा कि, मैं बस्तर लोकसभा क्षेत्र से हूं, जो केरल राज्य और इजराइल व बेल्जियम से भी बड़ा क्षेत्रपल वाला क्षेत्र है। उन्होंने दाबी राजहरा रावघाट रेल लाइन का उल्लेख करते हुए कार की इस रेल लाइन को जगदलपुर तक विस्तारित करने की जरूरत हैं, क्योंकि लौह अयस्क भंडार बाला बस्तर रेल सेवाओं के मामले में पिछड़ा हुआ है।

सांसद महेश कश्यप ने सदन में बोले कि, दी राजहरा रेल लाइन का काम केषटी भानुप्रतापपुर तक ही पहुंच पाया है। जिस फर्म को इस प्रोजेक्ट का ठेका मिला था, उसने काम से हाथ खींच लिया है और अब नया डीपीआर हुआ है।

**धमतरी से केशकाल, कोंडागांव होते जगदलपुर तक रेल लाइन की मांग** - जितेंद्र सुराना ने कहा कश्यप ने रेलमंत्री से आग्रह किया कि, इस रेल लाइन के कार्य को जल्द और तेज गति से शुरू कराया जाए और दल्ली राजहरा रावघाट रेल लाइन की जगदलपुर तक विस्तारित किया जाए। ताकि यहां के लोगों रेल सुविधा का लाभ मिल सके। सांसद महेश कश्यप ने रायपुर धमतरी बाड़ी रेल लाइन का जिक्र करते हुए कहा कि, इस रेल लाइन को धमतरी से केशकाल, कोंडागांव होते हुए जगदलपुर तक विस्तारित करने की मंजूरी दी जाए। इसके साथ ही सांसद ने बस्तर संभाग को रेल मार्ग के जरिए महाराष्ट्र में जोड़ने के लिए बैलाडीला से गीदम व बीजापुर होते महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तक नई रेल लाइन की स्वीकृति की मांग भी दमदारी के साथ उठाई। उनकी इन मांगों से बस्तर वासियों में खुशी की लहर हैं।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत कलेक्टोरेट परिसर में किया गया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले को हरा भरा रखने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। मंगलवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, वन मंडलाधिकारी आरके जांगड़े, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित जिला कार्यालय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया गया। यहां नीम, अमरूद, काजू, जामुन, कटहल आदि प्रजाति के लगभग 200 पौधे लगाए गए।

# जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया जा रहा शिक्षा सप्ताह का आयोजन




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में एक सप्ताह तक शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाना है इस हेतु जिले के समस्त विद्यालयों में दिवसवार विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएगी। इसी क्रम में प्रथम दिन टीएलएम दिवस पर कोंडागांव जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के द्वारा विकास खंड कोंडागांव के ग्राम जोबा एवं घोड़ागाँव के हायर सेकंडरी व पूर्व माध्यमिक शालाओं में गुरु पूर्णिमा एवं टीएलएम दिवस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा बनाए गए शिक्षण सामग्रियों के लिए उत्साह वर्धन किया। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ सभी शिक्षकों और बच्चों को सप्ताह भर आयोजित होने वाले शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम को वृहद रूप में धूमधाम से मनाए जाने निर्देशित किया गया। ज्ञात हो कि, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के द्वारा पूरे सप्ताह भर सभी विद्यालयों में दिवसवार टीएलएम दिवस, एफएलएन दिवस, खेल दिवस, सांस्कृतिक दिवस, कौशल एवं डिजिटल दिवस, इको क्लब/मिशन लाईफ दिवस एवं सामुदायिक भागीदारी दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान संकुल प्राचार्य संत कुमार शोरी, संगीता राव माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापक, संकुल समन्वय सुनील कुमार देवांगन, व्याख्याता नृपेन्द्र चन्द राय, बुदधन मौर्य, जीवन जैन अतिथि शिक्षक श्वेता दुबे, शिक्षक चमन पाल, सुखमन ठाकुर, पूर्णिमा साहू, राजकुमारी वर्मा, नोहर पटेल और दिग्विजय सिंह चौहान उपस्थित रहें।

# कोंडागांव पुलिस ने किया ठगी के आरोपी को गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मनीष सोनी और धीरज सोनी नाम के व्यक्ति स्वयं को सोने के कारीगर बताकर सोने से नए डिजाइन बनाने के नाम पर 150 ग्राम सोना से नए आभूषण बनाने का कहकर किसी भी तरह का आभूषण बना कर नहीं दिया है। प्रार्थी को 6 माह से अधिक समय होने के कारण ठगी होने का एहसास हुआ। वह तत्काल पुलिस के पास जाकर अपना आवेदन पेश किया पुलिस ने अपराध क्रमांक 82/2024 धारा 420, 406, 34 आईपीसी रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की लगातार पता तलाश कर रही थी। विगत दिनों पहले मनीष सोनी के द्वारा अग्रिम जमानत हेतु उच्च न्यायालय बिलासपुर में अर्जी लगाया था, लेकिन उच्च न्यायालय ने उसके आवेदन को निरस्त कर दिया था। 22 जुलाई को कोंडागांव पुलिस को सूचना मिली कि मनीष सोनी कोंडागांव में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा हुआ हैं, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार (आईपीएस) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के नेतृत्व में सायबर सेल द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया और दुर्ग पुलिस के सौंपा गया।

## अनवरत बारिश का कहर


# मकान ढहने से महिला की मौत पुत्री घायल




पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

पिछ्ले चार दिनो से हो रही अनवरत बारिश के चलते बीती रात्रि अंतागढ के ग्राम लामकन्हार में एक घर की दिवार ढहने से घर मे सो रही महिला की मौत हो गई है, वही बगल में सो रही उनकी पुत्री घायल हो गई है। जिसका उपचार अंतागढ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार अन्तागढ़ से सटे ग्राम लामकन्हार के आवासपारा में सोमवार रात्रि 10:30 कच्चे मकान की दिवार गिर गई इस वक्त घर के अंदर गहरी नींद में सो रही रामकुंवर पति स्वर्गीय हरिराम हिचामी उम्र 50 वर्ष की दिवार के मलमे मे दबकर मौत हो गयी वहीं बगल में सो रही मृतिका की बेटी डिकेशवरी उम्र 20 वर्ष जो की घायल हो गयी जिसे हल्की फुल्की चोट आई है घटना की जानकारी पाकर आसपास से लोग एकत्र हुए और जैसे तैसे कर मलबे में दबी मां और बेटी को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है की रामकुंवर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी वही घायल बेटी डिकेशवरी को अंतागढ अस्पताल इलाज के लिए लाया गया इस पूरे घटनाक्रम के दरमियान मूसलाधार बारिश हो रही थी जिसके चलते कच्चा मकान ढह गया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गयी थी जिसके बाद मृतका रामकुंवर का पोस्ट मार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया है।

# कलेक्टर ने किया फरसगांव स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण



**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने देर शाम फरसगांव में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बालिकाओं के लिए संचालित विद्यालय में रीडिंग जोन बनाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सभी खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने परिसर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर दुदावत ने इस दौरान बच्चों से भी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। बच्चों द्वारा खेल एवं संगीत शिक्षक सहित सामग्री की मांग रखी गई। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि उनकी सभी मांगों पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा सभी विद्यार्थी बहुत ही लगन के साथ पढ़ाई करें और सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि, भारत सरकार की पहल पर जनजातीय बच्चों को आदर्श वातावरण में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एकलव्य विद्यालयों की स्थापना की गई है। सभी बच्चे प्रतिभावान हैं और वे बहुत ही लगन के साथ पढ़ाई करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और अपने माता-पिता के आशाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि, सभी विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अश्वन पुसाम, आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त डॉ रेशमा खान, तहसीलदार जय कुमार नाग सहित एकलव्य आवासीय विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुरारीपारा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी शालाओं में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इस कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा के प्रथम प्रधान अध्यापक पीआर ध्रुव, विशिष्ट अतिथि इस विद्यालय के पूर्व छात्र नडगु राम नाग, दौलत राम यादव, कार्यक्रम के अध्यक्षता सुप्रिया कांगे, मन बाई भण्डारी और कब-बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में वीना वादिनी मां सरस्वती की वंदना के साथ सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिका संतोषी पटेल द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरु शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डाला गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचीन काल में गुरु कुल शिक्षा ब्यवस्था एवं उसकी भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रस्तुत किया। निबंध लेखन पश्चात गुरुजनों, शिक्षकों एवं अतिथियों का गुलदस्ता, श्रीफल एवं लेखनी भेंटकर सम्मानित किया गया।

# नितिन गडकरी की क्वालिटीदार राष्ट्रीय राजमार्ग देने की मंशा पर एनएच के इंजीनियर, एसडीओ, ईई और ठेकेदार लगा रहे भ्रष्टाचार का ग्रहण

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण सब इंजीनियर के देखरेख में होता है उसके कार्य की जिम्मेदारी एसडीओ और उसके ऊपर ईई की होती है यानी कहीं कोई गड़बड़ी या घटिया निर्माण होता है तो इसमें तीनों ही जिम्मेदार होते हैं कुछ ऐसा ही देवभोग खुटगांव बॉर्डर से लेकर मदांगमुड़ा तक के करोड़ों की लागत से निर्माण हो रही 130 राष्ट्रीय राजमार्ग में देखने को मिल रहा है क्योंकि इस कार्य में सब इंजीनियर की मौजूदगी तो दूर की बात है उच्च अधिकारियों का दौरा तक नहीं हो पाता जिसका लाभ इन दिनों ठेकेदार भरपूर उठाकर क्वालिटी हीन मटेरियल का इस्तेमाल कर रहे हैं पहले एनएच सड़क पर जीएसबी का काम के दौरान 40 एम एम एवं 20 और 12.5 का मिक्स गिट्टी डाला गया इसके साथ कई जगह लोकल गिट्टी का इस्तेमाल भी आंख बंद कर क्या जा रहा है इसके अलावा बिना मिक्स का डस्ट भी उपयोग में लाया जा रहा है शायद यही वजह है कि चंद दिनों बाद सड़क की हालत खराब हो गई हैं जगह जगह डामर उखड़ कर मैटेरियल सड़क किनारे नजर आ रहे हैं कुछ जगह तो सड़क धसने के अलावा दरार को देख अक्सर लोगो का कहना होता है की यह राष्ट्रीय राजमार्ग का सालभर भी टिकना मुश्किल माना जाता है क्योंकि सड़क निर्माण के शुरुवाती से लेकर अंतिम चरण तक 130 राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लापरवाही बरती गई है सबसे ज्यादा तो पानी की तराई करने रोलर से मटेरियल को दबाने मैं लापरवाही बरती जा रही है गिने-चुने बार ही रोलर से मटेरियल को दबाया जाता है और पानी की तराई तो नहीं के समान होता है ऐसे में गुणवत्तापूर्वक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की कल्पना किस तरह किया जा सकता है जिसे लेकर चौक चौराहा राजनीतिक गलियारों में जमकर चर्चा होती है शिकायत भी दर्ज होती लेकिन विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों के गैरमौजूदगी से वह भी नहीं हो पाती ज्यादातर अधिकारी राजधानी में निवासरत है और भूले भटके कभी कबार खानापूर्ति निरीक्षण के लिए पहुंचकर दिशा निर्देश देते हुए वापस लौट जाते हैं शायद यही वजह है कि ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग में जमकर भरा शाही को अंजाम दिया जा रहा है ।

### नितिन गडकरी से शिकायत

अधिकारियों की गैरमौजूदगी एवं निर्माण कार्य में भर्रासाही करने से नाराज जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण अब सीधा विभागीय सचिव एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से शिकायत भेजेंगे ताकि उच्च अधिकारियों की निगरानी में गुणवत्तापूर्वक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराया जा सके क्योंकि जिम्मेदार इंजीनियर एसडीओ से गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण की कल्पना किया जाना फिजूल होगा हालांकि उच्च अधिकारियों एवं सांसद के बीच क्वालिटीदार मटेरियल के साथ प्रावधान अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कराने का दावा किया जाता है लेकिन जमीनी स्तर के कार्य को देखकर इंजीनियर की दावा पूरी तरह खोखली नजर आती है ।

### जिला प्रशासन भी अवगत

पहले तो राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान आम जनता स्कूली छात्र छात्राओं को गुब्बार की तरह उड़ती धूल से सफर करना पड़ रहा था और अब कीचड़ से क्योंकि ठेकेदार ने पैसे बचाने के चक्क र में काली मिट्टी ही डाल दिया है जिसके चलते विश्राम गृह से फोकटपारा मोड़ तक साथ ही चौक पर भी ऐसे हालात देखा जा सकता है जिससे लगभग जिला के सभी अधिकारी भी अवगत हैं यही कारण है कि ज्यादातर अधिकारी देवभोग का दौरा को जी का जंजाल मानते है और देवभोग से दूरी बनाए हुए हैं क्योंकि सड़क पर आवागमन करना मतलब अपनी जान को जोखिम में डालने के बराबर है।

# पीएम मोदी 3 बजट, गरीब, महिला, युवा किसानों पर केंद्रित : विजय केसरवानी

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मोदी 3 सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को गरीब महिला किसान एवं युवा पर केंद्रित बजट बताते हुए भाजपा नेता विजय केसरवानी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में 9 प्राथमिकतायें - कृषि, रोजगार और कौशल, समावेशी सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएँ, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढाँचा नवाचार एवं अगली पीढ़ी के सुधार कार्यक्रम पर फोकस किया गया है। बजट में अन्नदाताओं को सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। कुल मिलाकर प्रस्तुत बजट आने वाले स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का रोड मैप साबित होगा। जिससे भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी।

# प्राथमिक शाला में बाल कैबिनेट का गठन, मतपत्र के साथ हुआ चुनाव



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी में सत्र 2024-25 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को समझाते हुए उसी प्रक्रिया में शाला प्रधानमंत्री (शाला नायक) चुनाव मतपत्र द्वारा कराया गया यह चुनाव बाल कैबिनेट निर्वाचन प्रभारी के रूप में प्रभारी प्रधान पाठक ओमप्रकाश साव व पीठासीन अधिकारी के रूप में शिक्षक डोलमणी चौहान तथा छात्रा कुमारी सिम्मी प्रधान, कुमारी अनु तांडी, कुमारी बबीता सोना मतदान अधिकारी क्रमशः एक दो व तीन रहे। बाल कैबिनेट के समस्त नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ शिक्षक डी. कमल नारायण भोई द्वारा कराया गया ! बाल कैबिनेट के समस्त पदाधिकारी द्वारा इस खुशी के पल पर सभी छात्रों, शिक्षकों व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उत्तर कुमार बरिहा को न्योता भोज के रूप में खीर पूरी खिलाया गया इस उत्साह को देखकर शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा बधाई व आशीर्वाद दिया गया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जन्मजयंती शहर मंडल द्वारा माल्यार्पण किया गया



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश में हुआ था। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही अंग्रेजों के खिलाफ बगावत शुरू कर दी थी। जलियांवाला बाग कांड ने चंद्रशेखर आजाद को बचपन में झकझोर कर रख दिया और इसी दौरान आजाद को समझ आ गया था कि अंग्रेजों से छुटकारा पाने के लिए बातों की नहीं बल्कि बंदूकों की जरूरत होगी। शहर मंडल महामंत्री नीलेश लुनिया ने कहा कि मैं आजाद हूं आजाद ही मरूँगा। भारत को आजाद कराने के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी थी। उन्हीं महान स्वतंत्रता सेनानियों में एक नाम चंद्रशेखर आजाद का है। हालांकि, इनका असली नाम चंद्रशेखर तिवारी था, लेकिन आजाद इनकी पहचान कैसे बनी इसके पीछे भी एक कहानी है। आजाद कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। नील पटेल ने कहा कि आज देश के महान ांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन है। यह एक ऐसे युवा ांतिकारी थे, जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए हंसते.हंसते अपनी जान दे दी। उन्होंने ठान लिया था कि वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और अंग्रेजों की गुलामी की हुकूमत से खुद को आखिरी सांस तक आजाद रखा। उन्होंने बेहद कम उम्र में ही अपनी जिंदगी को देश के नाम कर दिया। शहर मंडल महामंत्री नीलेश लुनिया,हेमन्त बंजारे, नील पटेल,संतोष सोनकर, चंद्रकला पटेलशिव नारायण छाटा, अजित साहू, राजू सोनकर, रामविशाल देवांगन, नीरज जगताप, संगीत जगताप,मुकेश शर्मा, डॉली सोनी, उषा निर्मलकर, रुक्मिणी सोनकर, प्रभा देवगन, रेखा शांडिल्य, आहिल्या देवांगन, तारा कैलास साहू, गेंदालाल छाटा, करन हिरवानी, ज्योति यादव, नारायण यादव, किशुन धीवर एवं अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना का मासिक बैठक भगवान प्रसाद सेठ को अध्यक्षता में अनेक विषयों पर चर्चा हुई। बताया गया कि सभी पेंशनरों से वार्षिक शुल्क 2024 का अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा गया तथा भवन निर्माण हेतु सहयोग राशि जिन सदस्यों का बाकी है उन्हे शीघ्र जमा कर ने का निवेदन किया गया । 75वर्ष एवम 80 वर्ष पूर्ण करने वाले बालेश्वर प्रधान ,एवम माधव देवता का श्रीफल एवम अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। माह मई 2024 और जून 2024 में जन्मदिन बालेश्वर प्रधान , के, सी , साहू ,वैष्णव पात्र , गुलाब सिंह तोमर ,सुधाकर बारीक ,अंतर्यामी पाढ़ी ,विशेश्वर प्रधान का श्रीफल और अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भगवान प्रसाद सेठ, रासबिहारी प्रधान ,कमल लोचन प्रधान ,गणेश राम जगत ,रासबिहारी भोई ,सुधाकर बारीक ,रघुराम पटेल ,सच्चिदानंद त्रिपाठी ,बालेश्वर प्रधान ,गोवर्धन बीसी, ब्रजराज पुरोहित ,विशेश्वर प्रधान ,अंतर्यामी पाढ़ी ,माधव देवता ,दुर्गा चरण भोई ,गोकुल चरण नायक , के, सी, साहू , मोहम्मद इस्माईल ,गुलाब सिंह तोमर, वैष्णव पात्र ,प्यारेलाल सिदार ,टिकेलाल बेहरा ,डमरू धर सीदार , जे, एम, कुरैशी ,उपस्थित रहे। आगामी बैठक 10.08.2024 दिन शनिवार को पेंशन भवन में 2 बजे अपरान्ह में होगी । जानकारी गुलाब किशोर स्वर्णकार ने दी ।

# फसल बीमा के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

**धमतरी।** जिले में उद्यानिकी फसलों पर पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए खरीफ वर्ष 2024.25 हेतु शासन द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुरूप खरीफमौसम 2024 हेतु टमाटरए बैंगनए अमरूदए केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक अधिसूचित है। सहायक संचालक उद्यानिकी ने बताया कि फसल बीमा के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। उन्होंने बताया कि धमतरी जिले के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी नोडल निर्धारित है। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तकनीकी सहयोग करेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 89825.94939 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक आज

**धमतरी।** राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आज 24 जुलाई को आहूत की गई है। दोपहर साढे तीन बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर नम्रता गांधी ने सभी राजस्व अधिकारियों को नियत समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रामीण अंचल में प्रचलित सवनाही बरौना पर्व

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में पशुधन की रक्षा के लिए श्रावण माह के किसी रविवार या अमावस्या को सवनाही बरौना का पर्व सामुदायिक रूप से मनाया जाता है । सवनाही बरौना का पर्व चौपायों को खुर की बीमारी से बचाने के लिए सूर्योदय के समय किया जाता है।गांव के सभी लोग अपने चौपायों को गांव की आखिरी सीमा में पूर्व दिशा में सूर्योदय के पहले लेकर जाते हैं, वहां पर बैगा द्वारा एक मटका में अरंड ,अलसी व भेलवा के तेल को भरकर पूजा कर, नारियल फोड़ कर उसे मटके के ऊपर चौपायों को चलाते हैं ।ग्रामीण क्षेत्र में यह लोकविश्वास प्रचलित है कि ,इन तेलों का लेप चौपायों के खुर में पड़नेने से खुराहा, चपका की बीमारी किसी भी जानवर में नहीं होती है। चूकि यह पूजन कार्य सूर्योदय के समय चौपायों के लिए किया जाता है ,सावन माह में इसलिए इसे सवनाही बरौना कहा जाता है। ग्रामीण कअंचल में इस दिन रौताइन गृहस्वामिनी के घर में मुख्य द्वार पर गोबर से सवनाही अंकन करती है। सवनाही अंकन में दोहरी रेखाएं व गुणा चिन्ह से मानव आकृति गोबर से बनाई जाती है।ऐसी लोकमान्यता हैं कि, यह रेखाएं घर की रक्षा करती हैं, तथा कीट, पतंगो व रोगाणुओं का घर में प्रवेश नहीं होने देती। वैज्ञानिक रूप से यह माना जाता है कि ,गोबर में जो जीवाणु है वह चिपक जाते हैं और घर के अंदर प्रवेश नहीं कर पाते। और यही लोकमान्यता हस्तांतरित होती रही है ,जो कि ग्रामीण अंचल में आज भी प्रचलित है। इस प्रकार यह पर्व लोकमानस में ग्रामीण अंचल में प्रचलित है, और किया भी जाता है। परंतु शहरी अंचल में यह पर्व नहीं मनाया जाता।

**डॉ ज्योति किरण चंद्राकर महासमुंद छत्तीसगढ़**

# देश के युवाओं के संकल्पों को मजबूत करने वाला बजट : अभिषेक शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीया जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक शर्मा ने राजग सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को युवाओं के सपनों को नई उडान देने वाला बताया है। शर्मा ने कहा कि रोजगार के अवसरों की संभावनाओं का द्वार खोलते हुए केंद्र सरकार ने रोजगार और कौशल उन्नयन के लिए 1 लाख करोड़ और नए रोजगार के लिए 2 लाख करोड रुपए का प्रावधान करते हुए 5 साल में 4 करोड़ रोजगार मुहैया कराने का संकल्प व्यक्त किया है। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 30 लाख नौकरियाँ देने का इरादा बजट में व्यक्त करके युवाओं के विकास और आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त किया है। शर्मा ने कहा कि कंपनियों में 1 करोड युवाओं को प्रतिमाह 5 हजार रुपए स्टायपेंड के साथ इंटर्नशिप का संकल्प व्यक्त किया जो स्वागत योग्य है। शर्मा ने घरेलू शिक्षा संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख के एजुकेशन लोन देने और उसपर लगने वाले ब्याज पर 3 प्रतिशत का व्यय भार वहन करने का निर्णय व्यक्त करके केंद्र सरकार युवा प्रतिभाओं को बेहतर वातावरण मुहैया कराने जा रही है।

# त्रिलोचन नेत्रालय द्वारा एक दिवसीय जांच शिविर हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला किसड़ी में त्रिलोचन नेत्रालय संबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 40 वर्षीय एवं दूर दृष्टि दोष के लिए चश्मे का परीक्षण, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, बच्चों का चश्मा परीक्षण, मोतयाबिंद के मरीजों के लिए निःशुल्क चश्मा, लेन्स प्रत्यारोपण आदि उपचार किया गया एवं रोगियों को डॉक्टर से परामर्श भी दिया गया। साथ ही मोतियाबिंद की पहचान के मरीज को चिकित्सा हेतु सम्बलपुर लिया गया। इस अवसर पर सरपंच बिहारी लाल रात्रे, करूणा सागर जाल, पदमलोचन जाल, प्रधान पाठक अजय कुमार आर्य, कोटवार रामजीलाल सेठ, पृथ्वीराज भोई, गंगाधर साहू, हरिनयन साहू, प्रमोद भोई आदि उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर सार्थक स्कूल के बच्चों ने सरस्वती पूजन कर अपने गुरुजनों का तिलक श्रीफल से सम्मान उनसे आशीर्वाद लिये

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में, गुरू पूर्णिमा के अवसर पर, स्कूल के विशेष बच्चों के द्वारा प्रशिक्षकों का गुरु पूजन किया गया। सर्वप्रथम प्रशिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर सरस्वती मां की प्रतिमा का पूजन कर, माल्यार्पित किया उसके बाद बच्चों ने तिलक लगाकर श्रीफल भेंटकर अपने प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, स्वीटी सोनी एवं देविका दीवान का सम्मान किया और प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद लिया। स्कूल के एकलव्य, सत्यांशु, विनीतए देवश्री,हर्षिता, करण ने अपनी प्रशिक्षिकाओं के प्रति अपने उद्गार व्यक्त किए किए अपने गुरुजनों से सीखकर हम, गीत, संगीत, डांस, खेल और पढाई में अपने शहर और बाहर भी अच्छा प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उसके पश्चात प्रशिक्षिकाओं ने बच्चों को गुरु पुर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि ,जीवन की प्रत्येक परीक्षा में गुरू का ज्ञान व मार्गदर्शन ही हमें सही रास्ता दिखाता है। विशेष बच्चों ने प्रशिक्षकों के साथ गुरु ,भजन की उत्साह पूर्वक सुंदर प्रस्तुति दी।इस अवसर पर एवं कुछ बच्चों के पालकगण भी उपस्थित थे।

# खुले एवं मुख्य सड़कों में न मिले मवेशी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने खुले एवं मुख्य सड़को में मिल रहे मवेशियों को हटाने एवं सभी ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस को सक्रिय करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को दिए है। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में आगामी 27 जुलाई से प्रारंभ होने वाले जनसमस्या

## सीईओ एवं सीएमओ को सतत कार्रवाई के दिए निर्देश

निवारण शिविर के संबध में विस्तृत तैयारी के निर्देश दिए है। उक्त शिविर का आयोजन 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सभी वार्डो में किया जाएगा। उन्होनें विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा।सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है,इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। कलेक्टरसोनी ने खरीफ सीजन में सहकारी समितियों में खाद एवं बीज भंडारण एवं उठाव की जानकारी लेते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों से खाद बीज का उठाव करने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। सभी किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो जाएं,खाद बीज को लेकर किसानों की ओर से शिकायत मिलने पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएंगी। इसके साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को उन्होंने निजी दुकानों में खाद उपलब्धता,दर एवं गुणवत्ता को लेकर सतत निरीक्षण के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। बैठक में डीएफओमयंक अग्रवाल,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम,जनपद सीईओ, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

## आवेदनों का परीक्षण कर समय सीमा में निराकृत करने हेतु किया निर्देशित

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान डीएफओ मयंक अग्रवाल,सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुदीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम,तहसीलदार,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में बलौदाबाजार नगर निवासी पंकज सोनी ने फौती उठाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर बलौदाबाजार तहसीलदार को निर्देशित करते हुए समय सीमा में प्रकरण को निराकरण करने कहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत कुकुदा के ग्रामीणों ने सचिव के द्वारा कार्यो में रुचि नही लेने एवं तबादले करने की शिकायत दर्ज हुई जिस पर जनपद सीईओ को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। साथ ही ग्राम तरेगा के यादव समाज द्वारा गांव के मध्य मैदान में किसी भी तरह निर्माण कार्य नही करने एवं उक्त भूमि को खेल कूद,सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आरक्षित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने कहा गया है। इसी तरह अवरेठी निवासी जनक राम गोड़ ने आन लाईन भुइयां में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिए जिस पर तहसीलदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार, नए राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रोहिना स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला रोहिना के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन रखा गया। समारोह के मुख्य आतिथि पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक टीआर पटेल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणावादिनी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। छात्रा खुश्बू यादव और प्रियंका राणा की अगुवाई में सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। तत्पश्चात छात्रों द्वारा गुरुजनों का सम्मान तिलक लगा कर एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। व्याख्याता केके साहू ने आरुणि की गुरु भक्ति कहानी के माध्यम से गुरु शिष्य परंपरा से छात्रों को अवगत कराया। शिक्षक एसके पटेल ने गीत के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया। प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल ने कहा कि भगवान राम, कृष्ण को भी गुरु के आश्रम में जाकर ज्ञान अर्जन करना पड़ा। टीआर पटेल ने गुरु पूर्णिमा के महत्व व गुरु शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डाला। सुरेंद्र सेठ ने कहा कि गुरु का आदर और सम्मान करने पर ही ज्ञान की प्राप्ति होगी। गुरु का प्रभाव जीवन को प्रभावशाली बना देता है। कमलेश साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि गुरु शिष्य का यह मधुर सम्बन्ध सदा बना रहे। माँ ही प्रथम गुरु है जिसने हमें बोलना सिखाया उंगली पड़कर चलना सिखाया।छात्र नेहरू बारिक, सुमित्रा यादव, प्रियंका राणा, खुशबू यादव, सुमित यादव, दिव्या राणा, अजय राणा ने गुरु महिमा से संबंधित दोहे एवं भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश कमार, सियाराम साहू लीला पटेल कन्हैया बरिहा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शासकीय आदर्श कन्या उमावि में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साहपूर्वक मनाया, कार्यक्रम में गुरु और शिष्य के संबंधों को बताया गया



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छ.ग.शासन के आदेशानुसार गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन बी.आर.जे शासकीय आदर्श कन्या उ.मा.वि. दुर्ग में दिनांक 22 जुलाई 2024 को किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदरणीय अरविन्द कुमार एक्का अपर कलेक्टर दुर्ग एवं विशेष अतिथि आदरणीय आर.एल. ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग उपस्थित थे। कार्यक्रम अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ शासकीय आदर्श कन्या उ.मा.वि.में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।सबसे पहले माता सरस्वती जी एवं महर्षि वेदव्यास जी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर सरस्वती वन्दना एवं गुरु वंदना किया गया।इस अवसर पर शाला में छात्र छात्राओं द्वारा गुरु महिमा पर आधारित गीत , कविता तथा राऊत नाच के माध्यम से गुरूजनों के प्रति आदर सम्मान अर्पित किया गया एवं छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता के द्वारा गुरु महिमा पर अपने भाव प्रगट किये। चूँकि माँ हमारी प्रथम गुरू होती है इसलिए इस शुभ अवसर अपर कलेक्टर एवं अतिथियों द्वारा गुरूरूपी मां के नाम पर भी पेड़ शाला प्रांगण में लगाया गया तथा छात्राओं को प्रेरित किया गया।गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर शिक्षाविद् पूर्व उपसंचालक एवं संस्था के पूर्व प्राचार्य एच.एस. वर्मा को अपर कलेक्टर एक्का द्वारा स्मृति चिन्ह शॉल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया।वर्मा का अपने सेवा काल में संस्था के लिए किए गए उत्कृष्ठ योगदान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने एवं उन्हें विशेष सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने हेतु प्रेरित भी किया गया तथा उनके द्वारा गुरू के महत्व को बताते हुए कहा गया। कि एक द्रोणाचार्य सौ अर्जुन बना सकते हैं लेकिन सौ अर्जुन एक द्रोणाचार्य नही बना सकते।गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अपनी 86 वर्षीय मां को जो कि एक शिक्षक भी थी उनका अपने जीवन में एक मां एवं गुरू रूप में उनको इस मुकाम तक पहुंचाने में विशेष भूमिका के बारे में बताया गया। उद्बोधन के रूप में विशेष अतिथि आदरणीय आर.एल ठाकुर द्वारा छात्राओं के प्रति श्रेष्ठतम प्रयास करने हेतु शिक्षको को प्रेरित किया गया। तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी आदरणीय अरविन्द्र मिश्रा द्वारा प्रशासक होने के बावजूद शिक्षक की गरिमा को रेखांकित किया गया।सम्पूर्ण कार्यकम बारिश के बावजूद खुशनुमा एवं उत्तसाहपूर्ण महौल में सम्पन्न हुआ। कार्य कम का सफल आयोजन प्राचार्य कृष्णा अग्रवाल के मार्गदर्शन पर समस्त शाला स्टाफके द्वारा सकिय सहभागीता के साथ किया गया।कार्यक्रम के अवसर पर वार्ड पार्षद नजर परवीन की गरिमा में उपस्थित थी सभी को प्राचार्य डॉ कृष्णा अग्रवाल द्वारा प्रतीक चिह्न दिया गया।

# सिकल सेल संगवारी पहल के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में सिकल संगवारी पहल कार्यकम के अन्तर्गत सिकल सेल प्रबंधन टैब हाइड्रोक्सीयूरिया का उपयोग एवं मॉनिटरिंग विषय पर मास्टर ट्रेनर डॉ. योगेश्वर कालकोन्डे एम.डी. मेडिसिन संगवारी पीपलस एसोसेसियन फाइक्यूवीटी एंड हेल्थ द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय दुर्ग में आयोजित किया गया। आईबी ग्रुप के द्वारा वित्त पोषित संस्था के माध्यम से सिकल सेल संगवारी संस्था के द्वारा जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल संगवारी कक्ष का संचालन किया जा रहा है। जिसमें सिकल सेल के मरीजों को शासकीय चिकित्सालय में शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाता है। संस्था के द्वारा अब पूरे जिले में विस्तार करने के लिए समस्त विकासखण्ड अधिकारी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारियों को जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय के 05 चिकित्सक एवं ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों से 07 चिकित्सकों को सिकल सेल पीड़ितों के उपचार एवं सिकल सेल मरीजों के योजना की लाभ दिलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के द्वारा जिला चिकित्सालय दुर्ग में सभी सिकल सेल मरीजों का उपचार एवं परामर्श की सुविधा निःशुल्क प्रदाय की जा रही है। सिकल संगवारी पहल टीम सिकल सेल मरीजों की काउंसलिंग, टैब हाइड्रोक्सीयूरिया के बारे में जानकारी, उनके संदेह को दूर करने एवं कन्फामेंट्री टेस्ट, जिला चिकित्सालय में करवाने तथा डॉक्टरी सलाह में मदद, वार्ड में भर्ती सिकल मरीजों को काउंसलिंग व दवाईयां एवं सही मार्गदर्शन प्रदाय करने का कार्य कर रही हैं।

संगवारी पहल को एनजीओ संगवारी पीपलस एसोसेसियन फाइक्यूवीटी एंड हेल्थ अम्बिकापुर द्वारा चलाया जा रहा है। यह एनजीओ निःशुल्क ओपीडी सुविधा प्रदान कर रही है जिसमें 08 डॉक्टर की टीम निरन्तर कार्यरत हैं। एनजीओ सूरजपूर, अम्बिकापुर, जशपुर आदि अन्य जिलों में सिकल सेल मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रही है, साथ ही साथ अन्य बिमारियां जैसे हृदय संबंधित, शुगर, मिर्गी इत्यादि रोगों के क्षेत्र में भी योगदान दे रही है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने वालों पर हो रही कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



जोन क्रं01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत बटालियन के समीप संचालित मदिरा दुकान के अहाता से प्रतिबंधित सिंगल युज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गई। डिस्पोजल, गिलास जप्त किया गया, दाण्डिक शुल्क के रूप में 1000 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। अन्य 8 स्थानो पर छोटे व्यापारियो से 700 रूपये वसूला गया कुल 1700 रूपये का जुर्माना वसूला गया। आहाता संचालक को प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल, गिलास उपयोग बंद करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि सिंगल युज प्लास्टिक बेचने वाले एवं उपयोग करने वाले दोनो अर्थदण्ड के भागीदार होगें। निगम भिलाई की कार्यवाही जुनवानी मार्केट के साथ-साथ अन्य जगहो पर भी जारी है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बार-बार चेतावनी देने के बाद भी दुकानदारो द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। निगम द्वारा प्लास्टिक की जप्ती एवं अर्थदण्ड की कार्यवाही लगातार किया जा रहा है। सिगल युज प्लास्टिक के कारण नालियॉ जाम हो रहीं है। जमीन के अंदर भी वर्षो तक दबे रहने के बाद भी प्लास्टिक नष्ट नहीं होता है। यह अपने चारो तरफकी भूमि को भी खराब कर देता है। खाने का सामान सिंगल युज प्लास्टिक में फेकने से जानवर खा लेते है, उनका पेट फूल जाता है, तकलिफ से मर भी जाते है। सिंगल युज प्लास्टिक प्रकृति के लिए, मानवता के लिए खतरनाक है। यह शासन द्वारा पूर्णतः प्रतिबंधित है। कार्यवाही के दौरान जोन के राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, राजस्व निरीक्षक शंशांक शेखर सिंह, अंजनी सिंह, तोडफोड़ दस्ता के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# एसीसी कम्पनी मे कोयला के हेराफेरी करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

## कोयला के हेराफेरी करने वाले आरोपी निकले तीन ट्रक ड्राईवर

- हेराफेरी में शामिल दो ट्रक मालिक फरार, उनकी तलाश जारी

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



एसीसी सीमेंट कम्पनी प्रबंधक द्वारा 22 जून 2024 को एक लिखित आवेदन पेश किया कि एसीसी कम्पनी में दीपका खदान से मंगाये जाने वाले कोयले में हेराफेरी किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान दीपका खदान कोरबा से जी 11 ग्रेड के कोयला परिवहन कर एसीसी कम्पनी लाना था जिसे रास्ते में तीन ट्रक CG 10 BS 8330, CG 11 AB 7704, CG 04 LR 7645 के वाहन चालकों के द्वारा कोयला को बदल कर दूसरा खराब क्वालिटी का कोयला कंपनी में लाया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल के मार्गदर्शन में फरार आरोपितों को गिरफ्तार करने कहा गया था। जिस पर थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर घटना के बाद से फरार आरोपित 1- लव कुमार साहू पिता देवी प्रसाद साहू उम्र 29 पता नवागांव मोहदा बिलासपुर, 2- रूपेश कुमार साहू पिता दुर्गा प्रसाद उम्र 21 साल पता नवागॉव बिलासपुर, 3- राजेन्द्र प्रजापति पिता चन्द्रभान प्रजापति उम्र 29 साल पता झलफा हीरी बिलासपुर को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों ने बताया कि कोयले को दीपका खदान से लाते समय बीच रास्ते मे सारगॉव कोयला डिपो मे ट्रक मालिक जगदीश साहू व कैलाश साहू के कहने पर कोयले मे हेराफेरी कर अच्छी ग्रेड के कोयले को बदल कर खराब क्वालिटी के कोयले को एसीसी कम्पनी जामुल मे पहुँचाया जाता था जिस पर तीनो आरोपी को 21/07/24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय जिला दुर्ग मे पेश किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत आपत्ति दावा का अंतिम प्रकाशन पात्र/अपात्र की सूची तैयार

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र/अपात्र की सूची तैयारी किया गया है। आपत्ति दावा प्रकाशन नगर पालिक निगम,द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ÷मोर मकान-मोर आस÷ अंतर्गत, अंतिम पात्र/अपात्र की सूची तैयार किया गया है।आपत्ति दावा का अंतिम प्रकासन मोर मकान-मोर आस अंतर्गत आपत्ति दावा की प्रक्रिया के संपादन पश्चात अंतिम पात्र/अपात्र की सूची प्रकाशित की जा चुकी है। इस सूची को विभागीय वेबसाईड www.municipalcopora-tiondurg.in में देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।अंतिम पात्र/अपात्र की सूची आपत्ति दावा हेतु जारी किया गया है।प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र/अपात्र की सूची का आपत्ति दावा के लिए अंतिम प्रकाशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र/अपात्र की सूची का आपत्ति दावा के लिए अंतिम प्रकाशन,सूची को विभागीय वेबसाईड में देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

# निचली बस्तियों में जल भराव होने पर तत्कालिक व्यवस्था करने के बारे में बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

निगम भिलाई क्षेत्र में मानसूनी बारिश लगातार रूक-रूक के हो रही है, जिससे नालो में जल स्तर बढ़ रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र के निचली बस्तियो में अधिक वर्षा होने पर जल भराव की संभावना बन जाती है। जिससे वहां के निवासियो को परेशानी हो जाती है। नागरिको को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, किसी का भी जान मान का नुकासान न हो। इसी को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में बैठक आहूत की, जिसमें सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंताओ को निर्देश कियें। जल भराव क्षेत्र में रहने वाले निवासियो के लिए समुचित व्यवस्था पूर्व से करके रखी जाए। जिन्हे आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक रूप से व्यवस्थापित किया जा सके। अन्य बिन्दुओ में स्वच्छता, पेयजल पाईप लाईन लिकेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो। बारिश के समय में मौसमी बिमारियॉ फैलती है जिसे रोकने के लिए प्रारंभिक रूप से तैयारी की जावे। स्वच्छता सर्वेक्षण से पूर्व सभी माप दण्डो पर तैयारी की जावे। जिसमें प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा की गई। जल भराव होने पर वहां के नागरिको को जहां पर रोका जायेगा उनके खाने पीने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था निर्धारित करने करके रखी जाए। जर्जर हो चुकी पानी टंकियों के आस-पास चेतावनी बोर्ड चलाया जाए और घेरे से मार्किंग भी किया जाए। जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना से बचा जाए।

# बोरझरा नाला बंद होने से फसलों को नुकसान, किसान परेशान

- बोरसी वार्डवासियों ने विद्युत पोल को हटाने दिया आवेदन, जनदर्शन में प्राप्त हुए 150 आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम अरविंद एक्का एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में 150 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे नगपुरा के किसानों ने बताया कि नगपुरा में जालबांधा मुख्य मार्ग में बोरझरा नाला है, जिसे कुछ किसानों ने नाले को बंद कर दिया है। नाला बंद होने के कारण कृषि भूमि में पानी भर गया है, जिससे फसलों को नुकसान होने की संभावना है। नाले को खोलने से फसलों के होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम भरदा दुर्ग निवासी ने स्वयं की भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा बुआई किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि निजी भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा अरहर की खेती की जा रही है, जिसके कारण स्वयं के भूखंड पर मेरे द्वारा फसल नही लिया जा सका, इसके द्वारा पिछले वर्ष भी यह कृत्य किया गया था। जिस पर सरपंच, कोटवार और ग्रामीणों की मौजूदगी में अन्य व्यक्ति द्वारा कृत्य की पुर्नवृत्ति नही करने का कथन किया गया था, परंतु उसका अवैधानिक कृत्य भी जारी है, जिसके कारण उनको आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना हो रही है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बोरसी वार्डवासियों ने विद्युत पोल को हटाने आवेदन दिया।

# निगम की टीम द्वारा शिवनाथ नदी साइफन 24 इंटकवेल के 40 फीट गहराइयों में पंप में फंसे झिल्ली को निकाला



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है।शिवनाथ नदी महमरा एनीकट पर 6 फीट ऊपर से पानी बह रहा है।इन्हीं कारणों से आसपास के क्षेत्रों से शिवनाथ नदी में कचरा बहकर आने के कारण इटंकवेल में कचरा फंसने से शहर में पानी सप्लाई प्रभावित हुई है। महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन पर आज जलकार्य प्रभारी संजय कोहले द्वारा जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर एवं जलकार्य विभाग की टीम के साथ शिवनाथ नदी के साइफन में फंसे कचरे 24 एमएलडी के इंटकवेल के किनारे आस पास से झिल्ली पन्नी कचरा निकाला गया। इंटकवेल में नीचे उतरकर सायफन में फंसे कचरे को सफाई करवाया।नगर निगम की टीम मौके पर 40 फीट गहराई में उतर कर पम्प में फंसे झिल्ली पन्नी को बड़ी मशक्कत के बाद कचरे को बाहर निकालकर सफाई किया गया. महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं जलकार्य विभाग प्रभारी ने अधिकारियों से आज इंटकवेल में अच्छी ढंग से सफाई करवाकर शहर में जलप्रदाय में होने वाली बांधा को दूर करने कहा है। उन्होंने पानी सप्लाई निरंतर जारी रखने की बात कही। निगम द्वारा शिवनाथ नदी के 24 इंटेकवेल की सफाई करते हुए इंटेकवेल में कचरे एवं जलकुंभी को साफ करने का महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, प्रभारी संजय कोहले ने अधिकारियों से कहा आज इंटकवेल में अच्छी ढंग से सफाई करवाकर शहर में जलप्रदाय में होने वाली बांधा को दूर करने कहा है। उन्होंने पानी सप्लाई निरंतर जारी रखने की बात कही।शिवनाथ नदी के 24 इंटेक वेल की सफाई करते हुए इंटेकवेल में फं से हुए कचरे एवं जलकुंभी को साफ करने का कार्य किया जा रहा है इसके साथ नदी में बाढ़ जैसे स्थिति को देखते हुए लगातार बचाव कार्य हेतु निगरानी भी कर रही है ताकि कोई अप्रिय स्थिति ना हो वही इंटेक वेल की सफाई का कार्य लगातार युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि जहां जहां जल प्रदाय का कार्य प्रभावित हुआ है उसको जल्द से जल्द इंटरवेल को साफ करके शुरू किया जा सके।

## नागरिकों को जागरूक किये जाने यूवोदय की छात्राओं एवं महिला समूह की स्वच्छता दीदीयों को प्रशिक्षण दिया गया

# नुक्कड़ नाटक, रैली, प्रभात फेरी के माध्यम से चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तृतीय/चतुर्थ चरण के स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नागरिकों को जागरूक किये जाने यूवोदय की छात्राओं एवं महिला समूह की स्वच्छता दीदीयों को प्रशिक्षण दिया गया। निगम भिलाई द्वारा 22 जुलाई से 31 अगस्त तक वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें वार्डो में रैली, नुक्कड-नाटक, स्त्रोत पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग हेतु जाकर जानकारी दी जायेगी। स्वच्छता में उत्कृष्ठ काम करने वाले नागरिको को प्रोत्साहन बेस्ट ऑफ वेस्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीरो वेस्ट कार्यक्रम को बढ़ावा देने, मलबों से उपयोगी चीजें बनाये जाने आदि के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किये जायेगें। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के स्वच्छता विशेषज्ञो द्वारा डोर-टू-डोर स्वच्छता संग्रहण व एसएलआरएम केन्द्रो में संलग्न महिलाओ/ स्वच्छता दीदीयों तथा यूवोदय की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले चार अलग-अलग प्रकार के कचरे, सुखा, गीला, सेनेटरी वेस्ट तथा हेजार्डियस कचरो के निपटान, गीले कचरे से होम कम्पोटिंग तैयार करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु नागरिको को जागरूक करने अभियान चलाने निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल केन्द्र के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे वे नागरिकों के माध्यम से पुराने कपड़े, जूते, किताबें और इस्तेमाल किये जा चुके प्लास्टिक वेस्ट का पुनः उपयोग या पुनर्नवीनीकरण कराने दिशा में योगदान दे सकें। इसी प्रकार वार्डो में स्थापित बर्तन बैंक का उपयोग कर सामाजिक कार्यक्रमों में जीरों वेस्ट के माध्यम से कार्यक्रम करने जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत को निदान 1100 के टोल फ्री नम्बर 1100 में कॉल कर शिकायत दर्ज किये जाने, नागरिको को जागरूक करने कहा गया। व्यवसायिक क्षेत्रों में होटलों व रेस्टोरेंट से निकलने वाले गीले कचरे को ऑन साईट कम्पोस्टिंग करने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने समझाइस देने व जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी दिप्ती साहू, सूडा से प्रीति राजपूत, मिशन मैनेजर अमन पटले व स्वच्छता विभाग के पीआईयू उपस्थित थे।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/निविदा/क्रय/2024-25/1671 जगदलपुर दिनांक 19/07/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जगदलपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से चिकित्सालय में नेत्र उपचार में उपयुक्त होने वाले उपकरण की आपूर्ति हेतु कार्यालय द्वारा मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र प्राप्ति के लिए आवश्यक शर्तो के साथ अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक रूपये 2000/- रूपये (दो हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का नगद भुगतान कर जो कि नॉन रिफन्डेबल है जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालय या जिले की विभागीय वेबसाईट https://bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय तिथिः- 26 जुलाई 2024 (कार्यालयीन समय में)
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथिः- 04 अगस्त 2024 (शाम 5:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः-28 अगस्त 2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथिः- 28 अगस्त 2024 शाम 04:00 बजे

**(निविदा शर्तो का सही व पूर्णतः अध्ययन कर ही निविदा में भाग ले)**

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय जगदलपुर

G-242501253/7

## संपादकीय

### बांग्लादेश में अशांति आरक्षण पर विवाद

**आरक्षण पर विवाद** के कारण बांग्लादेश में अशांति पैदा हो गई है। छात्र 'स्वतंत्रता सेनानियों' के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। भारत ने इसे बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया है। सरकार द्वारा 1971 में मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के रिश्तेदारों को 30 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया है। इसके खिलाफ छात्र सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके कारण बांग्लादेश पिछले सालों में सबसे बुरी स्थिति का सामना कर रहा है। पिछले दशक के इन सर्वाधिक हिंसक विरोध प्रदर्शनों में दो पत्रकारों समेत 105 लोगों की जान गई है। इसके बाद पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सुरक्षा बलों को भीड़ पर गोली चलाने का आदेश देने के साथ ही उपद्रवियों को 'देखते ही गोली मारने' का आदेश भी दिया गया है। इससे स्थिति की गंभीरता का पता चलता है। छात्र प्रदर्शनकारियों द्वारा एक जेल पर हमला बोल कर बंदियों को छुड़ाने के बाद धीरे-धीरे पर निश्चित रूप से छात्रों का प्रदर्शन सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन में बदल रहा है। छात्रों का आरोप है कि मुक्ति सेनानियों के परिवारों को नौकरियों में आरक्षण से अधिकांशत शेख हसीना के समर्थकों को लाभ होगा क्योंकि उनकी अवामी लीग पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था। छात्र ऐसे देश में संघर्ष कर रहे हैं जहां लगभग 32 मिलियन युवाओं को न नौकरी मिली है और न शिक्षा। हालांकि, कुछ निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, पर अनेक लोग नौकरी में स्थायित्व तथा बेहतर वेतन के लिए सरकारी नौकरियां पसंद करते हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों पर सरकार की कार्रवाई के बावजूद यह



हिंसा रोकने में ज्यादा प्रभावी नहीं रही है। कुछ दिन पहले शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों ने देश भर में व्यापक अराजकता और गतिरोध को जन्म दिया है। इस अराजकतापूर्ण स्थिति के कारण अनेक विदेशी छात्र खतरे में फंस गए हैं।

बांग्लादेश में लगभग 15,000 भारतीय रहते हैं जिनमें लगभग 8,500 छात्र हैं। लगभग 4,000 छात्र वहां से निकाले जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि लगभग 1,000 भारतीय छात्रों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचा दिया गया है। बाकी फंसे छात्रों के परिवार उनकी वापसी की बेचैनी से प्रतीक्षा कर रहे हैं। ढाका में भारतीय उच्चायुक्त ने छात्रों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन बनाई है जिसमें वापसी प्रक्रिया के बारे में अद्यतन जानकारी दी जाती है। छात्रों को उच्चायोग से संपर्क में रहने तथा उसके निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। गुरुवार से संचार साधनों पर प्रतिबंध लगा है जिसमें बोबाइल डेटा और टेक्सट मैसेज सेवायें शामिल हैं। सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों के प्रति कठोरता बरतने के कारण न केवल तनाव बढ़ा है, बल्कि हसीना सरकार की छवि भी खराब हुई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार अपने 15 वर्ष के कार्यकाल में इस सर्वाधिक गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। वास्तव में यह पिछले सालों में शेख हसीना के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। छात्रों का प्रदर्शन सरकार के खिलाफ आम विरोध प्रदर्शन में बदल रहा है। शेख हसीना ने छात्रों से न्यायालय का फैसला आने तक प्रतीक्षा को कहा, पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। इस बीच भारत ने पड़ोसी देश में व्याप्त अराजकता को 'बांग्लादेश का आंतरिक मामला' बताया है, पर उसे चिन्ता है क्योंकि शेख हसीना सरकार के भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। अतः बांग्लादेश में अराजकता या हिंसा से भारत-बांग्लादेश संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं।

# आर्थिक समृद्धि हेतु प्राचीन विवेक

**समय आ गया है कि भारत ऐतिहासिक विवेक का प्रयोग कर वैश्विक अवसरों का लाभ उठाए तथा समृद्ध एवं समावेशी भविष्य की ओर आगे बढ़े। वर्ड हिंदू इकोनोमिक फोरम इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।**



बी.के. झा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। उसे न केवल यह लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए, बल्कि अतिरिक्त संपदा का साझा कर जीवन्त व समावेशी समाज भी बनाना चाहिए। 'अर्थशास्त्र' के लेखक आचार्य चाणक्य ने कहा था, 'धर्मस्य मूलम अर्थः'। इसलिए चाणक्य की भूमि को स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रखते हुए समाज को अतिरिक्त संपदा पैदा करने तथा उसका साझा करने के माध्यम से समृद्ध समाज बनाना चाहिए। वेदों के प्राचीन विवेक में कहा गया है, 'शत हस्ता समाहार, शास्त्र हस्ता संकिरा', अर्थात '100 हाथों से संपदा का सृजन करें तथा उसका हजार हाथों से साझा करें।' हिंदुओं ने विश्व अर्थव्यवस्था में ईसापूर्व पहली शताब्दी से लेकर 15वीं शताब्दी तक महत्वपूर्ण योगदान किया। इससे संपदा के सृजन तथ वितरण की उनकी समझदारी प्रकट होती है। हिंदू सभ्यता की समृद्धि अतीत के प्राचीन स्मारकों से स्पष्ट होती है जो वर्तमान समय में हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, लोथल, नालन्दा और तक्षशिला विश्वविद्यालय, थाईलैंड में अंकोरवाट, इंडोनेशिया में प्रंबन व बोरोबुदूर तथा भारत में रामेश्वरम, बृहदेश्वर और मीनाक्षी मंदिरों से प्रमाणित होती है। लेकिन यह समृद्धि इस्लामी आक्रमण, औपनिवेशिक शासन तथा औद्योगिक क्रांति के कारण नष्ट हो गई। इक्कीसवीं शताब्दी की अर्थव्यवस्था ज्ञान व यौवन से संचालित है।

हिंदू जनसंख्या का बड़ा हिस्सा नौजवान होने के साथ ही उसमें असाधारण क्षमता पैदा करने की सामर्थ्य विद्यमान है जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। ऐसे में परंपरागत प्रतिक्रियाओं के रूप में 'कास्ट कटिंग' तथा संरक्षणवाद अनुपयुक्त हैं। वर्तमान समय में अतिरिक्त संपदा सृजन के लिए नए व रचनात्मक दृष्टिकोण की जरूरत है ताकि विश्व अर्थव्यवस्था को उसके संकट से उबारा जा सके। आज जहां कुछ अर्थव्यवस्थायें उथल पुथल का सामना कर रही हैं, वहीं उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष बड़े अवसर भी हैं। ऐसे में चुनौती वैश्विक स्थिति का लाभ सामूहिक प्रगति हेतु उठाना है।

हिंदुओं को वैश्विक स्तर पर सहयोग कर आकलैंड से अलास्का और ओस्लो से जोहांसबर्ग तक सभी भौगोलिक क्षेत्रों व देशों की बाजारों तक पहुंच बनानी चाहिए। इसी प्रकार पूंजी की उपलब्धता तथा तकनीकी खोजों में सहयोग होना चाहिए ताकि तकनीकी रूप से दक्ष हिंदुओं व इन खोजों को बिजनेस अवसरों में बदलने वालों के बीच सहयोग हो सके। केवल दान व उदारता से भूख, गरीबी और निरक्षरता जैसी मूल समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकतायें भी बढ़ रही हैं जिनकी पूर्ति केवल अतिरिक्त संपदा के सृजन तथा खासकर सामाजिक संरचना में सबसे नीचे रहने वाली जनता के सशक्तीकरण से संभव है। इस दृष्टिकोण को 'टिकाऊ विकास' के दर्शन से जोड़ा जाना चाहिए जिसका उद्देश्य भूख, गरीबी और निरक्षरता का उन्मूलन हो।

ऐतिहासिक प्रमाणों से स्पष्ट है कि अंग्रेजों ने भारत की व्यापक लूट की थी। आर्थिक इतिहासकार उत्सा पटनायक की शोध से पता चलता है कि ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार ने भारत से 1765 से लेकर 1938 तक लगभग 45 ट्रिलियन डालर लूटे थे। यह विशाल धनराशि वर्तमान समय में ब्रिटेन की वार्षिक जीडीपी से 15 गुना अधिक है। इस संपदा ने इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति को फंड प्रदान किया जिससे भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान स्पष्ट होता है। राष्ट्र और समुदाय अपनी आर्थिक शक्ति सहयोग व प्रतिबद्धता से प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए, यहूदियों ने नरसंहार के बाद स्वयं को नेटवर्किंग, सामुदायिक सहायता तथा आत्म-संगठन से स्थापित किया। इसी प्रकार जापान और जर्मनी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अपना निर्माण किया तथा चीन 1950 के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम हुआ।

2015 में भारत की जीडीपी 2.07 ट्रिलियन डालर थी, जबकि आज यह 3 ट्रिलियन डालर से थोड़ा अधिक है। अगले तीन साल में भारत का लक्ष्य 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना है। 'हिंदूवाद' को आर्थिक वृद्धि से जोड़ने की अवधारणा फरवरी, 1973 में सामने आई थी। उस समय नाजिन यानुपी की छद्म नाम से लिखते हुए बीपीआर विट्ठल ने भारत की प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर का संदर्भ देते हुए सुझाव दिया था कि यह 1 से 3 प्रतिशत के बीच है। इस अवधारणा को 'हिंदू वृद्धि दर' का नाम दिया गया जिसे बाद में अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने लोकप्रिय बनाया। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने 2007 में एक शोध पत्र में इसका समर्थन करते हुए कहा था कि 'हिंदू वृद्धि दर' की अवधारणा एक भारतीय अर्थशास्त्री स्वर्गीय राज कृष्ण ने सामने रखी थी ताकि वृद्धि दर के बारे में तत्कालीन भारतीय नीति निर्माताओं की निराशा सामने लाई जा सके। उन्होंने जो भी किया हो, बाद में वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत पर वापस लौट गई। इसके बाद से अनेक अर्थशास्त्रियों ने हिंदू वृद्धि दर की अवधारणा पर बातें रखीं जिनमें योजना आयोग के पूर्व अध्यक्ष मांटेक सिंह अहलूवालिया तथा पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार शंकर आचार्य व अरविंद विरमानी शामिल हैं।

'वर्ड हिंदू इकोनोमिक फोरम'- डब्लूएचईएफ के संस्थापक आईआईटी विद्वान स्वामी विज्ञानानंद को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने 'समाज को समृद्ध बनाने' के लक्ष्य से एक वैश्विक मंच का गठन किया। हिंदू समुदाय की आर्थिक प्रगति 2012 में हांगकांग में शुरू हुई और इसके बाद वह बैंकाक, नई दिल्ली, लंदन, लासएंजेल्स, शिकागो व मुंबई तक पहुंची। कोविड-19 वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बावजूद डिजिटल बिजनेस नेटवर्कों तथा स्थानीय चैप्टरों के माध्यम से यह आंदोलन आगे बढ़ता रहा। भगवद्गीता के दर्शन पर आधारित यह आंदोलन अतिरिक्त संपदा के सृजन तथा सामाजिक बेहतरी के लिए भविष्योन्मुखी सोच तथा टिकाऊ विकास पर ध्यान केन्द्रित करता है। यह सामाजिक-आर्थिक गैर-सरकारी संगठन मुंबई में अपने महत्वपूर्ण आयोजन मुंबई में 13 से 15 दिसंबर तक डब्लूएचईएफ, 2024 के लिए प्रयासरत है। इसकी थीम 'भविष्य के लिए भविष्य में सोचो' है। इस फोरम का उद्देश्य भविष्योन्मुखी सोच तथा टिकाऊ आर्थिक विकास रणनीतियों का विकास करना है। 'विकसित भारत', इंडस्ट्री-4, कौशल विकास, ई-कामर्स, पूंजी बाजार तथा क्षेत्रीय अवसरों पर इस आयोजन का फोकस रहेगा। अब हिंदुओं को अपनी जनसंख्या के हिस्से के अनुपात में दुनिया की कम से कम 16 प्रतिशत जीडीपी पर अपना अधिकार करना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर सहयोग व गठजोड़ मजबूत करने, बाजारों तक पहुंच में सुविधा प्रदान करने, वित्तीय परिस्थितिकी तंत्रों की सहायता करने तथा तकनीकी खोजों को प्रोत्साहन देने के माध्यम से हिंदू समाज अपना आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक विकास कर सकता है। उद्यमों और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ हिंदू समुदाय सामूहिक रूप से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दे कर अपना समृद्ध भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। सहयोग व एकनिष्ठ प्रतिबद्धता की भावना से काम कर समुदायों और देशों ने अपनी आर्थिक शक्ति पुनः प्राप्त की है। यह सहयोगी दृष्टिकोण विश्व जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान करने के साथ हिंदू समाज की दृश्यमानता, स्वीकार्यता और सम्मान में व्यापक वृद्धि करेगा।

आज जब भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है तब उसका ध्यान अतिरिक्त संपदा के सृजन तथा उसका साझा करने पर होना चाहिए। अपने ऐतिहासिक विवेक का प्रयोग कर, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे कर तथा भविष्योन्मुखी सोच व भविष्य के उपयुक्त रणनीतियों को स्वीकार कर हिंदू समाज वैश्विक स्तर पर अपना आर्थिक सशक्तीकरण कर सामाजिक विकास कर सकता है।

इससे अंततः भारत समेत सारी दुनिया के हिंदू समाज के साथ ही सारी दुनिया के विकास, समृद्धि तथा समावेशी समाज बनाने में सहायता मिलेगी।

# कार्यस्थल मानकों का महत्व

> "कार्यस्थल शिष्टाचार शब्द कार्यस्थल और समाज में किसी व्यक्ति के अपेक्षित व्यवहार और क्रियाकलापों को संदर्भित करता है।"

साक्षी सेठी
(लेखिका शिक्षाविद हैं)



कार्यस्थल पर शिष्टाचार कई कारणों से आवश्यक है, क्योंकि वे कार्य वातावरण के समग्र कामकाज और माहौल में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। एक छात्र से एक कामकाजी पेशेवर बनने का संक्रमण अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आता है, जिसमें कार्यस्थल शिष्टाचार को अपनाने की आवश्यकता भी शामिल है।

बहुत चर्चा में रहा, कार्यस्थल शिष्टाचार शब्द कार्यस्थल और समाज में किसी व्यक्ति के अपेक्षित व्यवहार और क्रियाकलापों को संदर्भित करता है, जिसमें दूसरों के प्रति सम्मान दिखाना और हमेशा एक अच्छा व्यवहार बनाए रखना शामिल है, जिससे सभी के लिए एक आरामदायक वातावरण बनता है। यह विभिन्न स्थितियों में कार्यों के लिए एक मार्गदर्शिका है और नियोक्ता और सहकर्मियों के प्रति विनम्र रहते हुए उन स्थितियों से कैसे निपटना है। यह एक कार्यस्थल से दूसरे कार्यस्थल में भिन्न होता है और प्रत्येक संगठन के लिए एक मानचित्र के रूप में कार्य करता है।

अक्सर कहा जाता है कि पहली छाप हमेशा के लिए होती है और एक पेशेवर सेटिंग में, वे धारणाओं और अवसरों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं। समय का पाबंद होना, उचित पोशाक पहनना और विनम्र अभिवादन सकारात्मक पहली छाप बनाने में मदद करते हैं। जब कर्मचारी इन व्यवहारों को प्रदर्शित करते हैं, तो वे अपने सहकर्मियों और संगठन के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हैं, जिससे शुरू से ही व्यावसायिकता का माहौल बनता है।



यह घटना एक सहकारी माहौल को बढ़ावा देती है, जहाँ कर्मचारी खुद को मूल्यवान महसूस करते हैं और उत्पादक रूप से एक साथ काम करने की अधिक संभावना रखते हैं। कुछ लोगों के लिए, यह नए अवसरों, पदोन्नति और करियर में उन्नति के द्वार भी खोल सकता है। नियोक्ता उन व्यक्तियों को महत्व देते हैं जो कार्य वातावरण में सकारात्मक योगदान देते हैं और कंपनी का अच्छा प्रतिनिधित्व करते हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सम्मान और विश्वास किसी भी सफल व्यावसायिक संबंध की नींव हैं। कार्यस्थल शिष्टाचार का पालन करना जैसे कि सक्रिय रूप से सुनना, दूसरों को बाधित करने से बचना और योगदान को स्वीकार करना, आपसी सम्मान के माहौल को बढ़ावा देता है। यह सम्मानजनक व्यवहार सहकर्मियों के बीच विश्वास का निर्माण करता है, सहज सहयोग और सामंजस्यपूर्ण और कुशल टीमवर्क की सुविधा प्रदान करता है। एक संगठन जो उचित शिष्टाचार को बढ़ावा देता है और इसकी अपेक्षा करता है, उसे अधिक पेशेवर और प्रतिष्ठित माना जाता है। यह शीर्ष प्रतिभाओं, ग्राहकों के साथ-साथ व्यावसायिक भागीदारों को भी आकर्षित कर सकता है जो एक सम्मानजनक और अच्छे व्यवहार वाले संगठन से जुड़ना चाहते हैं।

अक्सर कहा जाता है कि एक बार विश्वास स्थापित हो जाने पर, संचार को बढ़ाता है और विचारों के खुले आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है, जिससे अभिनव समाधान और बेहतर निर्णय लेने की ओर अग्रसर होता है। कार्यस्थल में शिष्टाचार का उपयोग यह सुनिश्चित कर सकता है कि हर कोई उत्पादक होने के साथ-साथ सहज महसूस करे। कार्यस्थल शिष्टाचार बनाए रखना यह सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करता है कि व्यक्ति सहकर्मियों और वरिष्ठों का सम्मान करे और व्यक्ति की पेशेवर छवि बेदाग रहे।

याद रखें, एक कर्मचारी बहुत अधिक मूल्यवान स्टाफ सदस्य होगा यदि वे सतर्क रहें, अपने आस-पास की बातचीत में शामिल हों और सामान्य प्रवचन में योगदान दें। निस्संदेह, किसी भी कार्यस्थल पर, संघर्ष अपरिहार्य हैं, लेकिन उचित शिष्टाचार उन्हें हल करने में मदद कर सकता है।

शांत और सम्मानजनक व्यवहार के साथ संघर्षों का सामना करना, सभी दृष्टिकोणों को सुनना और पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान खोजना, वृद्धि को रोकता है और सकारात्मक कार्य वातावरण बनाए रखने में मदद करता है। वृद्धि अंतिम उपाय होना चाहिए लेकिन यदि आवश्यक हो तो किसी को भी पीछे

## आप की बात

### बाइडेन का फैसला

**बाइडेन** द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने व कमला हैरिस का नाम प्रस्तावित करने के बाद अब डेमोक्रेटिक पार्टी के नेशनल कन्वेंशन में उनके नाम पर मुहर लगनी लगभग तय मानी जानी चाहिए। बड़ी मुश्किल से राष्ट्रपति जो बाइडेन का एक्स पर पोस्ट आया कि वे व्हाइट हाउस की दौड़ से बाहर होना चाहते हैं और अपनी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम प्रस्तावित करते हैं। हालांकि, अब राष्ट्रपति चुनाव का ज्यादा समय नहीं बचा है और बाइडेन अपने बचे कार्यकाल का समय बकाया काम पूरे करने पर लगाने का इरादा प्रकट कर चुके हैं, इससे लगता है कि वे राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार में भी कमला हैरिस को ज्यादा समय न दे सकें। ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी को एकजुटता के साथ कमला हैरिस के नेतृत्व में डोनाल्ड ट्रंप एवं जे डी वेंस की जोड़ी को पराजित करने का प्रयास करना चाहिए। अनेक समस्याओं और चुनौतियों के बाद कमला हैरिस इस कारण लाभ की स्थिति में हैं कि वे अमेरिका में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने वाली पहली गैर-श्वेत महिला होंगी। ट्रंप तथा उनके सहयोगी वेंस ने गर्भपात के अधिकारों पर जैसा महिला-विरोधी दृष्टिकोण अपनाया है, उसे देखते हुए कमला हैरिस अधिकांश अमेरिकी व खासकर युवा महिलाओं का समर्थन प्राप्त कर सकती हैं।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सब्जियों के दाम

**बजट** से पहले आम आदमियों का बजट बिगाड़ रही हैं हरी सब्जियां और आलू-टमाटर। हरी सब्जियों के भाव लाल हो रहे हैं, टमाटर खरीदने वालों के जेब खाली हो रहे हैं और लहसुन के भाव तो आसमान छू रहे हैं। सब्जियों के दाम 70-80 रूपये किलो से कम नहीं हैं और टमाटर कभी सौ तो कभी सौ के पार हो रहे हैं। इनकी देखादेखी आलू के भावों ने भी रंग बदलना शुरू कर हॉफसेंचुरी बना ली है। शायद ही किसी ने आलू के दाम 50 रुपये किलो तक पहुंचने की कल्पना की होगी। भावों की तेजी के कारण ठेला भरकर सब्जी लेकर गली, मोहल्लों, कालोनियों में ठेले पर सब्जी बेचने वाले भी 4.-6 गिनती की सब्जियां लाने लगे हैं। लहसुन के खुदरा भाव तो आसमान में उड़ने वाले बगुले के समान 250-300 रूपये किलो तक पहुँच गए हैं। सरकार को सब्जियों के भाव नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए तथा देखना चाहिए कि कहीं भारी मात्रा में जमाखोरी व कालाबाजारी तो नहीं हो रही है। यह भी कड़वा सच है कि उपभोक्ताओं पर पड़ने वाली भारी मार के साथ ही किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है और बिचौलिये मालामाल हो रहे हैं। खेत से किचन के बीच फैले इन बिचौलियों को समाप्त करना होगा।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### खैरातों की भरमार

**महाराष्ट्र** विधानसभा की 288 सीटों पर अक्टूबर में होने वाले चुनाव के लिए मुफ्त की योजनाओं या खैरातों पर विपक्षी दलों ने महाराष्ट्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को 6,000 से लेकर 12,000 तक बेरोजगार भत्ता, 21 से 60 वर्ष आयु की महिलाओं को हर माह 1500 रुपये, अन्नपूर्णा योजना के तहत 3 गैस सिलेंडर मुफ्त व किसानों को मुफ्त बिजली जैसे वादे किए गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी खैरातों से देश की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान पर बड़ी बहस हुई थी और इसे रेवड़ियों की संज्ञा दी गई थी। लेकिन आज इन मुफ्त की योजनाओं पर चुनाव वाले राज्यों की सरकारें दिल खोलकर पैसा लुटाने वाली हैं। महाराष्ट्र राज्य पर करीब 8 लाख करोड़ का कर्ज है, लेकिन सरकार की कोई चिंता नहीं दिखती है। इंडिया गठबंधन भी जल्द ही अपने घोषणापत्र में इससे भी बड़ी खैराती योजनाओं की घोषणा करेगा। ऐसे में राज्यों की ढांचागत विकास योजनाओं के लिए पैसा मिलना असंभव हो जाएगा। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी-आप सरकार खैराती योजनाओं के बोझ से चरमरा रही हैं। लेकिन नेताओं को कुर्सी की चिन्ता ज्यादा है।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### तकनीक पर निर्भरता

**क्राउड स्ट्राइक** के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्विस आउटेज ने दुनिया भर में कंप्यूटर स्क्रीन ब्लू कर दीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के आने के बाद मानवमात्र की विभिन्न तकनीकों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसने मानव जीवन को सुविधापूर्ण और सुखी बनाया है। पढ़ाई व ईलाज से लेकर अंतरिक्ष तक आधुनिक तकनीक ने अपना चमत्कार दिखाया है। महाभारत काल में जैसे संजय ने युद्ध का वर्णन दिव्य दृष्टि से किया था। वैसी ही जादुई दृष्टि आज स्मार्टफोन और टीवी स्क्रीन के रूप में हर आदमी के पास पहुंच चुकी है। कई-कई दिनों का काम मिनटों में होने लगा है। शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है और जीवन के हर क्षेत्र में मशीनें और तकनीकें हावी हो गई हैं। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट आउटेज ने इसके खतरों का भी अनुभव करा दिया है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने की पुख्ता व्यवस्था वैज्ञानिकों को करनी होगी। इसके कारण करोड़ों रुपए के खर्च वाले अंतरिक्ष कार्यक्रम विफल हो सकते हैं और मरीजों की जान पर आ सकती है। ऐसे में नुकसान की भरपाई के लिए बीमा व्यवस्था भी करनी चाहिए।

**-सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक हसौद में फसल बीमा को लेकर बैठक संपन्न

# वरिष्ठ कृषि अधिकारी ने ब्लाक के सभी किसानों से फसलों का बीमा कराने का किया अपील

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एम के चंद्रा के अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक हसौद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो की बैठक आयोजित की गई।बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने क्रियान्वयन बीमा कम्पनी को कृषि विभाग, सहकारिता एवं बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रचार कर फसलों के बीमा कराने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने जिले के सभी किसानों से फसलों का बीमा कराने के लिए अपील की है, ताकि आपदा की स्थिति में किसानों को क्षति पूर्ति हेतु दावा भुगतान मिल सके।बैठक में चन्द्रा ने बताया की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई नियत की गई है। बैठक में ऋणी एवं अऋणी किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा आवरण में शामिल कराने के निर्देश दिए है।

बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा से सक्ती ब्लाक कोर्डिनेटर करन अजगल्ले ने बताया कि धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई तथा उड़द और मूंगफली फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है।इस योजना का लाभ ऋणी अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। जिला सक्ती में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज जनरल इन्शोरेंस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है। बीमांकित राशि धान सिंचित के लिये 24000 रुपए तथा धान असिंचित के लिये 17200 रुपए प्रति एकड है तथा कृषकों के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत् है। धान सिंचित के लिये 480 रुपए प्रति एकड़ तथा धान असिंचित के लिये 344 रुपए प्रति एकड़ प्रीमियम राशि जमा करना होगा। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 14400 रुपए, उड़द के लिए 8800 रुपए और मूंगफली के लिए 16800 रुपए प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है तथा प्रीमियम राशि मक्का के लिए 288 रुपए, उड़द के लिए 176 रुपए और मूंगफली के लिए 336 रुपए प्रति एकड़ जमा करना होगा।

एम के चंन्द्रा ने बताया कि इस वर्ष भी बीमा के लिये किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी या सेवा सहकारी समिति से सम्पर्क कर सकते है। अऋणी किसान आवश्यक दस्तावेज - आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पर्ची, बी-1 तथा पी-2 फसल विवरण के साथ अपने नजदीकी सी.एस.सी. सेंटर या संबंधित बैंक में फसल बीमा करा सकते हैं। खरीफ फसल हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जूलाई 2024 तक है। बैठक में कृषि विस्तार अधिकारी हसौद, सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हाथी ने क्षतिग्रस्त किया दो घर, खाया धान

## किसानों के फसल को किया चौपट, ग्रामीणों में भय का माहौल



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

वन मंडल रायगढ़ में हाथियों की मौजूदगी साल भर रहती है। जहां बीती रात रायगढ़ रेंज के बंगुरसिया गांव में हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है। रात में जंगल से निकलकर हाथी बंगुरसिया गांव पहुंच गया। इसके बाद यहां उसने धान की फसल को रौंद दिया और दो घरों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। रात में जब हाथी के गांव आने की जानकारी वन हमले को लगी तो ग्रामीणों के साथ मिलकर वनकर्मी हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया गया। तब तक हाथी ने धान की फसल को बर्बाद कर दिया था। इसके अलावा हाथी ने एक घर के बाउंड्रीवॉल को भी तोड़ा। काफी देर बाद रात में हाथी वापस जंगल की ओर चल गया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत के सांस ली। बंगुरसिया पूर्व परिसर रक्षक ने बताया की नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। ताकि मुआवजा की प्रक्रिया आगे की जाए।

**इनका घर को किया क्षतिग्रस्त-** हाथी ने बंगुरसिया में रहने वाले मनोहर व द्वारिका निषाद के मकान को क्षतिग्रस्त किया। इसके अलावा आलोक गुप्ता के बाउंड्री वॉल गेट को हाथी ने तोड़ दिया और नरोत्तम गुप्ता के धान को हाथी ने चट कर दिया।

**ग्रामीणों में भय का माहौल-** रात में हाथी जंगल से निकलकर गांव पहुंचा और जब हाथी की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उनके बीच भय का माहौल निर्मित हो गया। रात के समय हाथी गांव में घूम घूम कर नुकसान करता रहा। हालांकि उसे जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास वनकर्मी कर रहे थे।

# जीएससी मॉडल कान्वेंट के विद्यार्थियों का इंस्पायर साइंस कैम्प के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निर्देशानुसार कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के तत्वाधान में मेधावी छात्र/ छात्राओं के लिए पांच दिवसीय साइंस इंस्पायर इंटरशिप कैंप का आयोजन किया गया है।

जिसमें नगर में संचालित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट स्कूल, जैजैपुर के तीन छात्र/ छात्राएं मयंक कुमार साहू पिता श्याम चरण साहू, तानिया चन्द्रा पिता नारायण चन्द्रा, तमन्ना सक्सेना पिता पानू राम सक्सेना का चयन किया गया है। चयनित सभी छात्र/ छात्राएं रविवार को कलिंगा यूनिवर्सिटी रवाना हो गए। साइंस इंस्पायर शिविर का उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को विज्ञान के प्रति प्रेरित व उत्साहित करना तथा उन्हें अपने करियर संबंधी निर्णय लेने से ठीक पहले अनुसंधान में वर्तमान नवाचारों की झलक प्रदान करना है। विद्यालय के संचालक गुलाब सिंह चन्द्रा जी ने बताया की इस कैम्प में भाग लेने के लिए सीबीएसई के 96 प्रतिशत से ऊपर तथा सीजी बोर्ड के 89 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही पात्र किए गए है। इस कैम्प में प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा। जिससे उसकी ज्ञानवर्धन और प्रेरणा का स्तर बढ़ेगा। इस कैम्प के दौरान विभिन्न कार्यशालाओं, प्रयोगशालाओं और परियोजना कार्य का आयोजन किया जाएगा। कलिंगा यूनिवर्सिटी के द्वारा विज्ञान के ज्ञानवर्धक एवं छात्र/ छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र/ छात्राओं एवं विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है।

# गुरु पूर्णिमा पर मंडी परिसर सिलियारी में हुई कार्यक्रम आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री से लोगों ने ली आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



चाय वाले बाबा के नाम से पूरे प्रसिद्ध आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री के गृह गांव सिलयारी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाई गई, सिलयारी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का यह 25 वां वर्ष है, सुबह 10 बजे ग्राम सिलयारी के राधा-कृष्ण मंदिर से गुरुजी नरेंद्र नयन शास्त्री की शोभायात्रा के आगे-आगे ओडिशा के नृत्य दल के साथ शिष्य नाचते-गाते पूरे नगर भ्रमण कर दोपहर 12 बजे तक कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची।यहां पर शिष्य परिचय व पंजीयन, गुरु का पाद प्रक्षालन, गुरु आरती, दिव्य प्रवचन, भक्ति सत्संग के साथ ही साथ भजन गायिका प्रो डॉ. विधा सिंह राठौर व उसके साथी रंगारंग भजन गीत संगीत की प्रस्तुति हुई , भजन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे शिष्यों ने झूमते रहे , इस दौरान गुरुजी से आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में लोग पहुँचे हुए थे।

ततपश्चात गुरु प्रसादी की वितरण की गई, कार्यक्रम में गुरुजी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला , गुरुजी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं का आशिर्वाद अवश्य लेने चाहिए , जीवन के अंधकार को दूर करने वाला गुरु ही श्रेष्ठ होता है , अपने ज्ञान से शिष्य को ज्ञान से परिपूर्ण करने वाला ही गुरु होता है , गुरु के बिना जीवन का कोई मोल नहीं होता उन्होंने कहा कि एक बल्ब दूसरे बल्ब को नहीं जला सकता है , लेकिन एक दीपक अपने प्रकाश से दूसरे दीपक को प्रकाशित कर सकता है।गुरु भी इस तरह से होता है , इसलिए गुरु को दीपक की संज्ञा दी गई है।

# लोधिया में खरसिया पुलिस की जुआ रेड, 13 जुआरियों से 10,200 जप्त



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुखबिर की सूचना पर खरसिया पुलिस ने लोधिया नहरपुल के पास जुआ का फड जमाये दर्जनभर से अधिक जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा है। पुलिस ने जुआरियों से दस हजार से अधिक जुए की रकम भी बरामद की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल रात्रि पुलिस चैकी खरसिया प्रभारी संजय नाग को मुखबिर से ग्राम लोधिया नहरपुल के पास कुछ लोगों के 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने की सूचना मिली, सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर चैकी प्रभारी द्वारा अपने स्टाफके साथ जुआ फाड़ की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां दो जुआ फ्ड से पुलिस ने 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से कुल 10,200 और जुआ सामग्री 52 पत्ती ताश की जपती की गई। आरोपीगण के विरुद्ध थाना खरसिया में छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

# प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा साहू का किया गया भव्य स्वागत





पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर के कर्मचारियों द्वारा नए प्रभार लेने पर बधाई एवं स्वागत किया गया डॉक्टर साहू जी के प्रभार लेने से कर्मचारी एवं क्षेत्र वासीयो में उत्साह का लहर और नई उम्मीद कि जिनसे सामुदायिक स्वास्थ्य जैजैपुर की स्वास्थ्य व्यवस्था में जल्द सुधार हो जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष गौतम चंद्रा, जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोस्वामी, उपसंभाग अध्यक्ष शत्रुघ्न केवट, ब्लॉक उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुर्रे बीईटीओ हरगोविंद कोशले, स्मिता नेताम, त्रिवेणी बंजारे, दुर्गा पैकरा, मीना आजाद, प्रमिला आजाद, पार्वतीकश्यप, सीताराम पटेल, राठौर सर, फिरत राम बंजारे, बसंत साहू , अनुज कुर्रे, हेमलाल बंजारे, राजेंद्र पलांगे, राजेंद्र खुराना, परम जायसवाल, कामेंद ध्रुव, नंदलाल पटेल, ज्योत प्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, पंकज सुनहरे, नीतू कुर्रे सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जूटमिल पुलिस के हाथ आए दो शातिर चोर, आरोपियों के कब्जे से पौने दो लाख रुपए के 13 नग चोरी के मोबाइल बरामद

- गिरफ्तार आरोपियों में एक जूटमिल क्षेत्र का निगरानी बदमाश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा थाना क्षेत्र के निगरानी, गुंडा बदमाशों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों पर सतत निगाह रखकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जूटमिल पुलिस को दो शातिर मोबाइल चोरों को पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नये-पुराने 13 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल बरामद कर जप्त किया गया है जिनका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 1,81,000 रूपये है। दोनों आरोपियों को चोरी के अपराध में पुलिस ने रिमांड पर भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक कल थाना जूटमिल में अनिल शर्मा (उम्र 43 वर्ष) निवासी गजानंद पुरम कालोनी रायगढ़ द्वारा 14 जुलाई को सावित्री नगर स्थित शराब दुकान के पास से उसकी मोबाईल वन प्लस (किमती करीब 10,000 रूपये) के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया। थाना जूटमिल में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को लेकर थाना प्रभारी जूटमिल द्वारा चोरी की तस्दीकी की गई जिस पर शराब दुकान के पास और भी कई व्यक्तियों की मोबाइल चोरी होने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ और मुखबीरों को क्षेत्र के बदमाशों पर निगाह रखकर सूचना देने निर्देशित किये कि सुबह मुखबीर द्वारा सूचना दिया कि ट्रांसपोर्ट नगर के पास निगरानी बदमाश मार्शल यादव कुछ व्यक्तियों को सस्ते दाम में सेकंड हैंड मोबाइल बेचने चर्चा किया है, सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग स्टाफके साथ अतिरिक्त बल तस्दीकी के लिए ट्रांसपोर्ट नगर रवाना किया। जहां पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही मार्शल यादव को हिरासत में ली जिसके पास 06 नग मोबाइल (90,000) मिला।

# मुर्गी फार्म के शेड में लगे पंखों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से 07 नग सिलिंग फैन जप्त

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ पुलिस ने ग्राम बरतापाली के मुर्गी फार्म शेड में ग्राम पंचायत द्वारा लगाये पंखे और हैलोजन लाईट की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी के 07 नग सिलिंग फैन की जप्ती की गई है। पुलिस ने आरोपी को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।

मुर्गी फार्म से लाईट और पंखे चोरी को लेकर 21 जून को थाना धरमजयगढ़ में जनमित्रम स्वयं सहायता समूह की सचिव प्रेमादेवी राठिया (उम्र 35 वर्ष) निवासी ग्राम बरतापाली द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शासकीय योजना के तहत उनके समूह द्वारा रीपा गोठान में मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा है। 13 जून को समूह के अध्यक्ष के साथ मुर्गी फार्म का निरीक्षण किया गया था, फार्म के शेड में पंखे, लाईट लगे हुये थे। पुनः 20 जून को फार्म का निरीक्षण किये तो शेड में पंचायत द्वारा लगाये गये 08 नग पंखा, 01 हैलोजन लाईट कुल कीमती 22,000 रूपये को कोई चोर चोरी कर ले गया था।

थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी कि कल थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम को मुखबीर द्वारा ग्राम बरतापाली के सुरेश राठिया को गांव के मुर्गी फार्म का पंखा, लाईट चोरी करना बताया। तत्काल थाना प्रभारी ने स्टाफको ग्राम बरतापाली रवाना किया गया, पुलिस टीम द्वारा संदेही सुरेश राठिया के घर दबिश देकर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सुरेश राठिया ने 08 नग सिलिंग फैन और 01 हैलोजन लाईट चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि हैलोजन बल्ब टूट जाने पर वहीं फेंक दिया और 01 पंखा को बेच कर बिक्री रकम को खर्च कर दिया है। आरोपी सुरेश राठिया पिता जुगितराम राठिया उम्र 38 वर्ष साकिन रतापाली थाना धरमजयगढ़ के मेमोरेंडम पर चोरी की 07 नग अजंता कंपनी का सिलिंग फैन बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा नबकजनी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## काप़ू में पहाड़ी पर प्रसव पीडा से तडप रही महिला को पहुंचाई चिकित्सकीय सहायता

# डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय में डायल 112 के कर्मचारियों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस मुख्यालय में कल पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा (भा.पु.से.) द्वारा डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा जिला रायगढ़ के राइनो-1 आरक्षक बिपिन किशोर खलखो और चालक छोटू दास को किया गया सम्मानित। जिला रायगढ़ थाना कापू क्षेत्रांतर्गत ग्राम पारेमेर घुटरूपारा में एक महिला को प्रसव पीड़ा हो रही है की सूचना पर ईआरव्ही कापू रायनो-1 को मौके पर तत्काल रवाना किया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुँकर ईआरव्ही टीम को कॉलर ने दुरभाष में बताया कि पीड़ित महिला का गांव लैलूंगा घुटरूपारा लगभग 3 किमी पहाड़ी के ऊपर है। पीड़िता के घर तक का पहुँच मार्ग खेत, नाला व पगडण्डी का था, जिस पर 112 वाहन का पहुंचना संभव नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डायल 112 की टीम पैदल पीड़िता के घर तक पहुंची। डायल 112 टीम ने देखा कि पीड़िता प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी तथा उसे अस्पताल ले जाने कोई साधन उपलब्ध नहीं था न ही पीड़ीता डायल 112 वाहन तक जाने में सक्षम थी। टीम ने सुझबुझ का परिचय देते हुए पीड़िता को कांवर में बैठाकर पैदल खेत, नाला व पगडण्डी के रास्ते मितानिन व परिजनों के साथ ला रहे थे। परन्तु रास्ते में प्रसूता की पीड़ा अत्यधिक बढ़ जाने से नाला किनारे पेड़ के नीचे मितानिन ने महिला सदस्यो के सहयोग से प्रसूता का सुरक्षित प्रसव करवाया गया। प्रसव उपरान्त प्रसूता को कांवर में तथा नवजात शिशु को गोद में लेकर नाला पार किया गया और डायल 112 वाहन तक पहुँचे। टीम ने नवजात शिशु व प्रसूता को ईआरव्ही वाहन में सुरक्षित बैठाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमरगा पहुँचाया गया। डायल 112 टीम द्वारा सुझबुझ व कर्त्तव्य परायणता का परिचय देते हुए प्रसूता व नवजात शिशु को समय पर आपातकालीन सहायता पहुँचाने के फलस्वरूप पीड़ित महिला के परिजनों द्वारा डायल 112 टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया। डायल 112 टीम के कर्मचारी आरक्षक 637 बिपिन किशोर खलखो एवं चालक छोटू दास को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा (भा.पु.से.) द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर अति. पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता, पुलिस अधीक्षक (डायल 112) अविनाश ठाकुर एवं डायल 112 के स्टाफ उपस्थिति रहे।


## कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

Phone No.:- 0771-2439725 Email ID:-dfojunglesafari@yahoo.com

(विज्ञप्ति)

// संक्षिप्त निविदा सूचना (वन विभाग)//

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर के अंतर्गत नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर में रखे गये वन्यप्राणियों के भोजन हेतु खल्ली मुंगफल्ली, गेहू कुट्टी, महुआ फूल, पशुआहर, चोकर, चना फल्ला, देशी चना एवं हरा चारा की आवश्यकता हेतु दर निर्धारण कर क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जा रहा है।

निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नम्बर 39 अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में विस्तृत जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा प्रतिदिन (कि.ग्रा.) | धरोहर राशि | सामग्री पहुंच स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खल्ली मुंगफल्ली | 111 किलो | 30,000.00 | नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) |
| 2. | गेहू कुट्टी | 422 किलो | 27,000.00 | |
| 3. | महुआ फूल | 40 किलो | 22,000.00 | |
| 4. | पशुआहार | 342 किलो | 99727.00 | |
| 5. | चोकर | 395 किलो | 106650.00 | |
| 6. | चना फल्ला | 267 किलो | 86508.00 | |
| 7. | देशी चना | 182 किलो | 169344.00 | |
| 8. | हरा चारा | 1712 किलो | 277420.00 | |

| विवरण | प्रथम निविदा दिनांक | समय | द्वितीय निविदा दिनांक | समय | तृतीय निविदा दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | 23/08/2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक | 29/08/2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक | 04/09/2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा की अंतिम तिथि | 23/08/2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक | 29/08/2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक | 04/09/2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 23/08/2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक | 29/08/2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक | 04/09/2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक |

टीप :- प्री बीट मिटिंग दिनांक 21/08/2024 समय 11.00 बजे
स्थान :- कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नम्बर 39 अटल नगर नवा रायपुर

संचालक सह वनमंडलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

G-242501271/3

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बिलासपुर के मोबिन बने चैंपियन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा शहर में स्व ठा हरिहर सिंह चौहान स्व मानकुमारी देवी चौहान की स्मृति में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा विशिष्ट अतिथि बेमेतरा जिला पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू बेमेतरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घनश्याम सिंह तंवर बेमेतरा तहसील दार परमानंद बंजारे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर बोर्ड नंबर 01 पर रामकृष्ण गुप्ता से 1 मैच खेलकर राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन किया,बेमेतरा जिला शतरंज संघ अध्यक्ष ने मांग पत्र कलेक्टर साहब को सौंपा जिसमे 100 बोर्ड,100 चेस क्लॉक, व शतरंज खेलने के लिए जगह कमरा जगह दिलाने मांग पत्र सौंपा,चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर बिलासपुर के मोबिन फारूकी रहे,उन्हें 12001 रुपए व ट्राफी बेमेतरा जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने दिया,द्वितीय स्थान पर बिलासपुर के वैभव सिंह वर्मा बिलासपुर रहे उन्हें 5100 रुपए व ट्राफी डिकेंद्र देवांगन अधिवक्ता के द्वारा तृतीय स्थान पर रूपेश कुमार मिश्रा बिलासपुर रहे उन्हें 4100 रुपए ट्राफी था,चौथा स्थान पर योगेश देवांगन बिलासपुर से रहे,3100 रुपए ट्राफी,जिसे शंकर सिंह चौहान के द्वारा था,पांचवे स्थान पर अछत्त महोबिया रायपुर से रहे,2100 रुपए ट्राफी हेमकांत यादव जिलाध्यक्ष झेरिया यादव समाज के द्वारा दिया गया छठवां पुरुस्कार संस्कार कश्यप रहे तखतपुर से 1501 रुपए ट्राफी आशुतोष गुप्ता के द्वारा,सातवा पुरुस्कार 1301 ट्राफी पिंटू वर्मा के द्वारा था , आठवां पुरुस्कार कवर्धा के संतोष सोनकर को मिला जिसे शिवसेना प्रमुख बेमेतरा व प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ शिवसेना दाउराम चौहान के द्वारा 1201 ट्राफी दिया गया, नौवा पुरस्कार विजेता राहुल शर्मा दुर्ग से बने,जिसे वैभव सिंह के द्वारा 1101 ट्राफी दिया गया,दसवा नंबर पर रोहित साहू बलौदा बाजार रहे 1001 ब्रूपए ट्राफी दिया गया, ग्यारह वा पुरुस्कार रजनीकांत बख्शी राजनांदगांव के रहे 801ट्राफी , बारहवां पुरुस्कार मुकेश ठाकुर कवर्धा के बने तेरह पुरुस्कार राजू साहू बिलासपुर रहे 601 ट्राफी टिकेंद्र सिंह चौहान के द्वारा दिया गया चौदहवां पुरुस्कार विजेता आदित्य मेसराम दुर्ग के बने, पन्द्रहवां पुरुस्कार राव पी एन बने, सोलहवां पुरस्कार विजेता जय नारायण साहू बेमेतरा बने, सत्रहवां पुरुस्कार विजेता संदीप मिस्त्रा बिलासपुर रहे अठारह नवा पुरुस्कार विजेता रामकृष्ण गुप्ता बिलासपुर 101 ट्राफी मोहन सिंह चौहान के द्वारा प्रदान किया गया उन्नीसवां पुरुस्कार अनुभव पटेल बिलासपुर रहे बीसवा पुरुस्कार विजेता तुसार गुप्ता रायपुर बने, बेस्ट अंडर 07 में अनय गुप्ता बेमेतरा विजेता बने, बेस्ट अंडर 09 आर्यवर्धन सिंह बेमेतरा रहें , बेस्ट अंडर 15 ईशांत पटेल मुंगेली बने, बेस्ट 15 गगन साहू कांकेर बने , बेस्ट अन रेटेड आशु लहरे बिलासपुर रहे जिला शतरंज संघ की पदाधिकारी के द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया आंसू लहरे को, बेस्ट जिला विजेता कवर्धा कबीरधाम जिला से यशपाल निर्मलकर, बेस्ट दुर्ग जिला से मयंक सोनकर, बेस्ट धमतरी जिला से सागर बघेल, बेस्ट जगदलपुर से रोहित पांडे, बेस्ट मुंगेली जिला से द्विजेंद्र सिंह गहररवार, बेस्ट बिलासपुर जिला से दिनेश्वर सिंह ठाकुर, बेस्ट बेमेतरा जिला से वैभव सिंह ठाकुर, बेस्ट कांकेर जिला से गगन साहू रहे,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान जिला अध्यक्ष शतरंज संघ बेमेतरा शिवसेना प्रमुख बेमेतरा जिला व प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ शिवसेना दाऊराम चौहान जिला सचिव बेमेतरा शतरंज संघ लोकनाथ चंद्राकर राजेंद्र द्विवेदी अंश प्रताप सिंह धनंजय शर्मा राम सिंह पटेल, मोहन सिंह चौहान आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा वेंकटेश्वर दास मानिकपुरी दूजेंद्र सिंह गहरवार मुख्य निर्णायक में आर्बिटर गिरधरलाल देशमुख आलोक सिंह, वैभव सिंह ठाकुर अंश ठाकुर धनंजय शर्मा जिला शतरंज संघ की समस्त पदाधिकारी सभी पुरुस्कार देने वाले सहयोगी का स्कूल के प्राचार्य संतराम साहू ,अनूप वर्मा सर,चित्रेखा ठाकुर जी, बख्शी सर, विशेष सहयोग रहा जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अशोका पाम मेडोज में रोपे गए 'एक पेड़ मां के नाम': सांसद बृजमोहन अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ की राजधानी में आरती ग्रुप और अशोका पाम मेडोज के रहवासियों ने कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि एवं INH न्यूज प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी, और मोतीलाल साहू विधायक ग्रामीण और समाजसेवी राजीव अग्रवाल इस दौरान सभी मुख्य अतिथियों ने मां के नाम से वृक्षारोपण किया और लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित भी किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस दौरान कहा कि मोदी के आवाहन पर राजीव अग्रवाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम को आयोजित करके लोगों को प्रेरणा देने का काम किया है। सांसद अग्रवाल ने वृक्षारोपण के लिए सभी का आवाहन करते हुए कहा कि हमारे बच्चों के जीवन के लिए, हमारे बुजुर्गों के आत्मा की शांति के लिए अगर हमको कुछ करना है, तो इससे अच्छा काम और कोई नहीं हो सकता।

# मोदी 3.0 के बजट में निराशा और हताशा : रश्मि चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मोदी 3.0 के बजट में निराशा और हताशा. किसान के लिए कुछ नहीं, न MSP की गारंटी, न कर्ज से राहत, न डीजल-कीटनाशक दवाई-खाद की कीमत कम, बस बातें ही बातें. युवा के लिए झुनझुना-नए रोजगार का कोई रास्ता नहीं, मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा को 10 साल से कोई राहत नहीं, न टैक्स एक्सेम्पशन स्लैब बढ़ी, न ही कोई राहत. देश के गरीब की जिंदगी सुधारने के लिए शून्य बस 5 किलो राशन लो और गरीबी में गुजारा करो।चुनाव के दौरन ही, मोदी जी ने एक साक्षात्कार में दावा किया था कि 100 दिनों का एक्शन प्लान हमारे पास पहले से ही है। जब एक्शन प्लान दो महीने पहले था, तो कम से कम बजट में ही बता देते। बजट में न कोई प्लान है, और भाजपा केवल जनता से धोखेबाज़ी करने के एक्शन में व्यस्त है।वहीं रेलवे में इतनी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन रेलवे सुरक्षा, रेलवे भर्ती जैसी जरूरी चीजों की बात नहीं की गई। मोदी सरकार ने रेलवे का बजट बहुत कमजोर बनाया है। मोदी सरकार के बजट में SC-ST का नाम ही नहीं है। इस बार SC-ST को जिस स्पेशल कंपोनेंट के तहत पैसा देना था, वो नहीं किया गया। शायद मोदी सरकार, किसानों, मजदूरों, गरीबों, दलितों से नाराज है, क्योंकि इन सभी ने INDIA गठबंधन का समर्थ किया है। इसलिए वे इनको नजरअंदाज कर सबक सिखाना चाहते हैं। वहीं जातिगत जनगणना करने के लिए जितना बजट रखना था, उसका भी कोई जिक्र नहीं किया गया। मोदी सरकार ने युवाओं के लिए कांग्रेस की योजना कॉपी-पेस्ट की और नाम बदल दिया। सारा देश महंगाई से जूझ रहा है, लेकिन बजट में महंगाई के खिलाफ कदम उठाने की बात नहीं की गई। इस बजट में सिर्फ कुर्सी बचाने के लिए कुछ लोगों को खुश किया गया है।

# महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ के प्रावधान करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम : मोनिका देवांगन

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मोनिका देवांगन ने केंद्र सरकार के बजट को नारी सशक्तीकरण का प्रतिबिम्ब बताया। देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने पिछले दो कार्यकाल में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण की जिस संकल्पना को धरातल पर उतारा है, अपने तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में उसी संकल्पना को व्यापकता प्रदान की गई है। देवांगन ने कहा कि केंद्र राजग सरकार ने अपने प्रस्तुत बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए तीन लाख करोड रुपए का प्रावधान करके नारी उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया है। मोनिका देवांगन ने कहा कि मोदी. सरकार की नारी उत्थान की प्रतिबद्धत देशभर की मातृशक्ति को नई ऊर्जा और नए विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। अन्य क्षेत्रों के साथ.साथ कृषि क्षेत्र में भी महिलाओं के लिए अर्थोपार्जन के अवसर पैदा करने के लिए मोदी सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है जो स्वागतयोग्य है।

# राशनकार्डों का नवीनीकरण 15 अगस्त तक

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 15 अगस्त तक समयावृद्धि की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में 453 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित हैए जिसमें 2 लाख 44 हजार 486 राशनकार्ड प्रचलित है। इनमें 2 लाख 18 हजार 564 बीपीएल और 25 हजार 922 एपीएल राशनकार्ड शामिल हैं। इन राशनकार्डों में से अब तक 2 लाख 36 हजार 735 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है एवं शेष 7751 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाना है। उन्होंने राशनकार्डधारियों से अपील की है कि वे 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से अपने राशनकार्ड नवीनीकरण करा लें।

# नगरीय निकायों में 27 जुलाई से लगेंगे शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन प्रत्येक वार्ड में किया जायेगा। शिविर में नगरीय निकाय के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्या का निराकरण यथा संभव मौके पर ही करेंगे। इस शिविर में करदाताओं को भी करों का भुगतान वार्ड में ही करने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। जिले के नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत क्षेत्र में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के रूप में वार्डवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। जहां स्थानीय समस्याओं का निदान किया जा सकेगा। ऐसे शिविरों में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, पार्षदों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति से आमजन की भागीदारी में भी वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना मुख्य दायित्व है। स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा - नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोट-छोटे कार्य होते है, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों एवं गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गडढ़े पाटना, स्ट्रीट लाईट के मरकरी, बल्ब, ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याएं भी है।

# हिन्छापुर सांकरा में हुए चोरी के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रार्थी नागेश्वर देवदास पिता उदय देवदास निवासी हिन्छापुर सांकरा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18/07/2024 को घर मे ताला लगाकर वन विभाग नगरी मे ड्यूटी पर एवं उसकी पत्नी मनीषा देवदास पूर्व माध्यमिक शाला देवपुर मे ड्यूटी पर चली गई थी जो शाम करीबन 5 बजे के लगभग वापस घर आकर देखी तो घर मे रखे सामान बिखरा हुआ था एवं बाडी तरफ जाने वाले दरवाजा का सिटकनी टूटा हुआ था एवं घर अंदर कमरे में रखे आलमारी के लाकर टुटा हुआ था एवं लाकर के अंदर रखे हुए सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर थाना सिहावा मे अपराध क्र. 87/2024 धारा 331 (3)305 (ए) 3(5) बीएनसएस कायम कर विवेचना ने लिया गया। विवेचना दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर स्टॉफ एवं सायबर सेल धमतरी की संयुक्त टीम द्वारा नगरी पहुंच कर संदेहियो को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो अपराध में शामिल रहना स्वीकार करने पर आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर सोने एवं चांदी जेवरात किमती 75000. रूपये एवं 01 नग मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 30000 रूपये एवं 02 मोबाईल विवो कंपनी, रियलमी कंपनी किमती 9000.रूपये जुमला 114000.रूपये को आरेपियों के कब्जे से जब्त किया गया। आरोपियो का कृत्य धारा 331 (3)305 (ए) 3(5) बीएनसएस के तहत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पकड़े गये आरोपीगण मे आकाश ध्रुव उर्फ माया पिता स्व कृष्ण कुमार साहू सा वार्ड क 04 जंगलपारा नगरी थाना नगरी जिला धमतरी, पियुष साहु उर्म दुर्लभ लक्की पिता प्रेमशंकर साहू उम्र 20 वर्ष सा0 वार्ड क 04 जंगलपारा नगरी थाना नगरी जिला धमतरी, दीगेन्द्र किरन पिता अमृत लाल साहु उम्र 27 वर्ष सा0 लाईन पारा वार्ड क0 08 नगरी थाना नगरी जिला धमतरी छ0ग। जब्त सम्पति- 01 पुरानी इस्तेमाली सोने एवं चांदी जेवरात किमती 75000. रूपये एवं 01 नग मो.सा. पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 30000रू एवं 2 मोबाईल विवो कंपनी, रियलमी कंपनी कीमती 9000.रू जुमला किमती 114000रूपये जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सन्नी दुबे, सायबर प्रभारी एवं स्टॉफ उप निरीक्षक उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी सिहावा, सउनि तुलसीराम मिथलेश, प्रधान आरक्षक गिरीश नाग, आरक्षक टिकेश्वर साहू, राकेश बंजारे, रेमन जोशी, ओंकार सोम, रितेश कश्यप, थाना सिहावा एवं सायबर स्टॉफसे प्रआर लोकेश नेताम, आर कमल जोशी, धीरज डडसेना, योगेश नाग युवराज ठाकुर, आनंद कटकवार, विकाश दिवेदी मनोज साहू, योगेश ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा ने केंद्र सरकार के बजट को ऐतिहासिक बताया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा ने लोकसभा में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी बजट है और ऐतिहासिक है। उद्योगपति व्यापारियों के लिए बजट मैं कई राहतों की घोषणा की गई है, उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। मूंदड़ा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति लगातार नीचे बनी हुई है और चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश की मुद्रास्फीति स्थिर बनी हुई है और चार प्रतिशत की ओर बढ़ रही है। फिलहाल मुद्रास्फीति 3.1 प्रतिशत पर है। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए लोन गारंटी योजना लाई जाएगी, जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए गारंटी की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि संकट से गुजर रहे एमएसएमई की कर्ज जरूरत सरकार-समर्थित कोष से पूरी की जाएगी। सरकार एमएसएमई खरीदारों के लिए टीआरईडीएस मंच पर अनिवार्य रूप से जुड़ने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर 250 करोड़ रुपये करेगी।

# श्री रामलला दर्शन के लिए दूसरे चरण का दल हुआ रवाना, 60 श्रद्धालु हुये शामिल




पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन भ्रमण हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है, और सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। यह बहुत ही अच्छी बात है कि सरकार की निःशुल्क श्री राम भ्रमण यात्रा योजना से लोग खुश हैं। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं जिन्हें वे सामान्यतः आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते। इससे समाज में समरसता और सांस्कृतिक समझ भी बढ़ती है। इसी क्रम में आज कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में श्री रामलला दर्शन के दूसरे चरण में बेमेतरा जिले से 60 श्रद्धालुओं का चयन किया गया जो कलेक्टरेट परिसर से 60 तीर्थयात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए रवाना हुये। चयनित तीर्थ यात्रियों को बेमेतरा से दुर्ग बस से रवाना किया गया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा राम भक्तों को सुबह 8 बजे हरी झण्डी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# भगवती मानव कल्याण ने मनाया गुरू पूर्णिमा पर्व

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



गुरूपूर्णिमा पावन पर्व भगवती मानव कल्याण संगठन ने जिले के दर्जनों स्थानों में किया 5 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन मनाया साधना और सेवा के रूप में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वधान में गुरूपूर्णिमा पावन पर्व पर 5 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। देवरी पिलवापाली,धामनघुटकुरी, बरपेलाडिह, बालसी, बोइरमाल, बागबाहरा,मल्दामाल, घोडारी बल्दीडिह, मोहदा, सहित महासमुंद में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। ज्ञात हो कि भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा समाज को नशामुक्त,मांसाहारमुक्त, चरित्रवान, चेतनावान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भगवती मानव कल्याण संगठन, पंचज्योती शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज द्वारा विश्व स्तर पर नशामुक्त समाज बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं। परम पूज्य गुरुदेव, माता भगवती के अनन्य भक्त है एवं समाज को माता भगवती की साधना-आराधना से जोड़कर आध्यात्मिकता का मार्ग प्रसस्त कर रहे है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरूपूर्णिमा बहुत ही पावन पर्व है इस पर्व को ज्ञान का पर्व भी कहते है। इस दिवस में हम सभी यह संकल्प लेते है कि सतत समाज में व्याप्त नशा रूपी बुराई को मिटाकर लोगो के जीवन मे परिवर्तन लाने उन्हें गुरुवर की महिमा बताने का सतत कार्य करते रहेंगे। इसके साथ ही लगातार संगठन द्वारा गांव-गांव में अभियान चलाकर लोगो को संगठन की विचारधारा से अवगत कराया जा रहा है।

# इंडकल टेक्नोलॉजीज़ भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एक ग्लोबल आईसीटी दिग्गज है, जो अपनी खास टेक्नोलॉजी और शानदार उत्पादों के लिए जानी जाती है। इस समझौते के तहत, इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। यह रणनीतिक डील भारतीय बाजार में एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन की शुरूआत का संकेत है। इसके साथ ही नवाचार और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी होती है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी। उम्मीद है कि कंपनी जल्दी ही बाजार में मजबूत और बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ्टवेयर तकनीकें शामिल हैं। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ के सीईओ आनंद दुबे ने इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा,एसर स्मार्टफोन कुछ ऐसा है जिस पर हम पिछले कुछ सालों से काम कर रहे हैं।

# मॉडर्न, बोल्ड और मस्कुलर: स्कोडा ऑटो इंडिया ने दिखाई नई कॉम्पैक्ट एसयूवी के डिजाइन की झलक



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कोडा ऑटो इंडिया का जलवा दुनिया भर में अपनी 129वीं वर्षगाँठ और भारत में 24वीं वर्षगाँठ के करीब पहुंच रहा है। पूरे साल ग्राहकों और प्रोडक्ट्स से जुड़ी कई तरह की पहल करने और 2024 की शुरुआत में एक ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने इस ऑल-न्यू कार की दूसरी झलक पेश की है। डिज़ाइन टीज़र की रिलीज़ के बारे में, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा, हमने 2024 की शुरुआत अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के ऐलान के साथ की थी। 2024 के मध्य में, हम अपने तय रास्ते पर हैं। हमारी कॉम्पैक्ट एसयूवी भारत भर में सड़कों पर कठोर परीक्षण से गुज़र रही है और हम अपनी प्रोडक्ट तैयारियों, उच्च कार्यकुशलता और गुणवत्तापूर्ण लोकल सप्लायर पार्टनर्स के साथ मिलकर लगातार इसकी खासियतों में वृद्धि कर रहे हैं। नई कॉम्पैक्ट एसयूवी भारतीय सड़कों पर हमारी यूरोपीय तकनीक को सही मायने में लोकप्रिय बनाएगी। चूँकि, यह एसयूवी एक बड़े कार प्लेटफॉर्म पर आधारित है, इसलिए हमारी कॉम्पैक्ट एसूयवी में कॉम्पैक्ट पहचान के भीतर 'बड़ी कार' का एहसास होगा और इस तरह यह नए कार खरीदारों के लिए एक बेहतरीन अपील होगी। ये भारत के प्रति हमारी ब्रांड प्रतिबद्धता के अनुरूप है, क्योंकि यूरोप के बाहर स्कोडा ऑटो के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाज़ार है। यूरोप के बाहर बनाई गई स्कोडा की ज़्यादातर कारें हमारी स्थानीय फैक्ट्रियों में निर्मित होती हैं और हम स्थानीय रूप से बनाई जाने वाली स्कोडा कारों को 14 देशों में निर्यात कर रहे हैं।

# बरसते मेघों के बीच भी नहीं रुकी परंपरा, महादेव घाट पर भारी बारिश में करणी सेना ने की खारुन गंगा महाआरती



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

रविवार आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) की संध्या पर निरंतर क्रम में 21वीं बार माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति एवं करणी सेना छ.ग. द्वारा करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा समिति के संस्थापक वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में भारी बरसात के बावजूद दो वर्षों से चली आती परंपरा अक्षुण्ण रही। बनारस की तर्ज पर एक बार फिर रायपुर के महादेव घाट पर की गई खारुन गंगा महाआरती। कार्यक्रम के आरम्भ में रायपुर के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट लल्लू महाराज एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सुमधर भजनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया तत्पश्चात् सभी ने एक स्वर में खारुन एवं भारत की सभी नदियों को साफ़ और सुरक्षित रखने की सौगन्ध ली। पानी के कारण हुई असहजता के पश्चात् भी सम्पूर्ण विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा खारुन गंगा मैया एवं बाबा हटकेश्वर महादेव की आरती की गई एवं आरती के पश्चात् आगंतुक श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष तोमर ने बताया कि लगभग दो वर्षों से प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या को हम यह आरती लोकहित और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य का जन सामान्य के मन में बीजारोपण करने एवं सनातन संस्कृति की ध्वजा पुनः गर्व से आकाश में लहराने के लिए करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर महीने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और जन आस्था के चलते कई विश्व रिकॉर्ड भी इस आरती के नाम दर्ज हुए हैं जिससे छत्तीसगढ़ का नाम संपूर्ण विश्व में गर्व से ऊँचा हो गया है।

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव**
**जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202211200100022/अ-20(1)/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सियाराम साहू पिता श्री प्रभुलाल साहू जाति तेली निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम-कोण्डागांव, तहसील-कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1064/19 रकबा 5.6481 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 980 वर्गफुट भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डगाांव के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि माननीय न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 07.08.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 07.08.2024**
**पेशी दिनांक - 16.07.2024**

मुहर

**तहसीलदार**
**कोण्डागांव**

# आरोपी तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि निलंबित इधर एफआईआर पर पुलिसिया कार्रवाई में हीलहवाला

## अधिकारी के साथ ही 3 सप्लायरों पर भी हुई है एफआईआर, पुलिस किसी तक नहीं पहुंच सकी

■ विस में विधायकों ने मत्स्य विभाग में घोटालों पर दागे सवाल, सीएम ने दिया जवाब

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मत्स्य विभाग में केज कल्चर स्थापना में 2 करोड़ 16 लाख रुपए के अनुदान घोटाले की आरोपी तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए को निलंबित कर दिया गया है। 19 जुलाई को सचिवालय से इस संदर्भ में आदेश जारी किया है। उन्हें मछली पालन प्रशिक्षण संस्थान में संलग्न किया गया है। दूसरी ओर 4 जुलाई को इस मामले में दर्ज एफआईआर पर राजनांदगांव कोतवाली पुलिस तत्कालीन सहायक संचालक सहित सप्लायरों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है। पुलिस अधिकारी इस मामले में जांच का हवाला दे रहे हैं। इधर, केज कल्चर स्थापना में फजीर्वाड़े और घोटाले का मामला विधानसभा तक पहुंच गया है। 22 जुलाई को विधानसभा सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री की ओर से अविभाजित राजनांदगांव जिले के नवागांव जलाशय में केज कल्चर में अनुदान और दूसरी गड़बड़ियों पर जवाब दिया गया है। इस जवाब में बताया गया है कि, शासन स्तर पर प्रकरण की जांच उपरांत कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। मामले में एफआईआर की जानकारी भी दी गई है। वहीं विधानसभा में अन्य जिलों में भी ऐसे मामलों की जानकारी सामने आई है। इनमें उत्तर बस्तर कांकेर जिले में तत्कालीन सहायक संचालक बीना गढ़पायले के कार्यकाल में दुधावा जलाशय में भी केज कल्चर की स्थापना में 4 अनुदान में 01 करोड़ 72 लाख 80 हजार के अनुदान में गड़बड़ी पाई जाने की पुष्टि हुई है। इस मामले में मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए जवाब में कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने की बात कही गई है। गौरतलब है कि, बीना गढ़पायले मत्स्य विभाग राजनांदगांव की तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए की बहन हैं।


सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी
करोड़ों के भ्रष्टाचार का कैसे हुआ खुलासा
मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं
अनुदान का गलत इस्तेमाल
मोंगरा में लगे केज की सब्सिडी में भी स्कैम
केज कल्चर के अनुदान में करोड़ों के भ्रष्टाचार पर एक्शन में वक्त लग रहा
अनुदान घोटाले की जांच पर कार्रवाई सचिवालय में अटकी, एफआईआर भी नहीं
प्रकरण की जानकारी जुटाई जा रही
दस्तावेज फर्जी, हितग्राहियों के दस्तखत खुद अधिकारी ने किए
करोड़ों का अनुदान घोटाला, तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि और तीन फर्म के खिलाफ एफआईआर
समूहों के नाम मिले लेकिन वो हैं ही नहीं
इस तरह भ्रष्टाचार को दिया अंजाम
बगैर वर्क ऑर्डर केज की सप्लाई, ये किसके इशारा कोई प्रमाण नहीं

पायनियर लगातार

### मोंगरा में घोटाले की जांच पर कार्रवाई अधूरी

तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए के खिलाफ अब मोंगरा बैराज में नील क्रांति मद व एलडब्लूई अनुदान से स्थापित केज कल्चर में घोटाले का मामला भी तूल पकड़ने लगा है। इस प्रकरण में जांच प्रतिवेदन पर वर्ष 2023-24 में जांच उपरांत एक फरवरी 2024 को संचालक द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। विभाग की ओर से अब तक इस मामले में जांच आगे नहीं बढ़ पाई है।

### 226 पन्नों की जांच रिपोर्ट

मोंगरा बैराज में स्थापित केज में अनुदान, हितग्राहियों के चयन और अवैध लाभ अर्जित करने के मामले में तत्कालीन सहायक संचालक और सप्लायर फर्मों के खिलाफ 226 पृष्ठों के जांच प्रतिवेदन में 7 मुख्य बिंदु शामिल हैं। यहां 99 केजों की स्थापना में 2 करोड़ 88 लाख रुपए के अनुदान को विभाग ने अपनी जांच में गलत पाया है। भंडार क्रय नियम का पालन न करने, एक मात्र हितग्राही को लाभ पहुंचाने जैसे विषय शामिल हैं। इस मामले में पूर्व सहायक संचालक आरके बंजारे के भी घिरने की संभावना है।

### 4 जुलाई को दर्ज हुई थी एफआईआर

सहायक संचालक एसके साहू ने 4 जुलाई को कोतवाली थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिये के अलावा फर्म संचालक मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर, एसएस एक्वाकल्चर पथर्री फिंगेश्वर राजिम एवं एसएस एक्वाफिड झांकी रायपुर के विरूद्ध धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इन पर 2 करोड़ 16 लाख रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

### पुलिस

सचिवालय के निर्देश पर कलेक्टर ने मत्स्य विभाग में अनुदान घोटाले, फजीर्वाड़े के आरोपों पर सहायक संचालक एसके साहू को एफआईआर दर्ज कराने कहा था। कोतवाली में एफआईआर दर्ज किए जाने के 20 दिन बाद भी पुलिस इस मामले में अब तक खाली हाथ है। मामले में तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए और 3 फर्मों के संचालक आरोपी हैं। प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई में लेट-लतीफी को लेकर कई तरह की चचार्एं हो रही हैं। गौरतलब है कि, आरोपी तत्कालीन सहायक संचालक के पति भी पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद पर राजनांदगांव में पदस्थ बताए जाते हैं।

मत्स्य विभाग की तत्कालीन सहायक संचालक व सप्लायर फर्म के विरुद्ध दर्ज मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। जल्द ही इसमें आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-राहुल देव शर्मा, एएसपी

# अब जागा निगम... मैदान में उतरे आयुक्त, महापौर ने भी लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बारिश में शहर में चरमराई सफाई और ड्रेनेज की समस्या पर अब जाकर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सुध ली है। 22 जुलाई को पायनियर में प्रकाशित खबर के बाद ये असर देखने को मिला है। आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने इसके लिए तकनीकी व सफाई प्रभारियों को जिम्मा सौंपा है। फिल्टर प्लांट में भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मोहारा नदी में बाढ़ के कारण इंटकवेल में कचरा फंसने पर पानी सप्लाई विलंब से हुई थी। भारी बारिश से शहर में कई स्थानों पर पानी भरान की स्थिति निर्मित हुई थी। महापौर हेमा देशमुख, आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित निगम के तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने लगे हुये है। निर्देश पर स्वास्थ्य सहित अमला अपने-अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण कर साफ सफाई में जोर देकर, नाला के उपर कलवर तोड़ कर पानी निकासी करा रहे है। जेसीबी व गैंग के माध्यम से नाली नालों की सफाई कराई जा रही है। इंटकवेल के आस पास आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण के लिये गठित टीम नदी के आस पास के रहने वालों को समझाईस दे रहे है। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया जायेगा। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा है कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे, इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करे, जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने पानी भरान क्षेत्र में नाली नालों में फसे कचरा को निकालने के साथ साथ कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी सुनिश्चित करने कहा है।

## शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए नेता प्रतिपक्ष का आयुक्त को पत्र

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने शहर के सभी वार्डों में सड़क मरम्मत की मांग रखी है। उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर वार्ड क्रं. 1 से लेकर वार्ड क्रं. 51 में जर्जर सड़क पर तत्काल पैच वर्क किए जाने की जरुरत बताई है। उन्होंने कहा कि, शहरवासी लगातार सड़क से संबंधित समस्याएं लेकर आ रहे हैं। बारिश के दौरान इससे परेशानी बढ़ गई है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, गौरव पथ, मानव मंदिर से लेकर कुंआ चौक तक, आरके नगर चौक से महाराणा प्रताप चौक, मोतीपुर से रामनगर-शंकरपुर मार्ग, गंज चौक से गौरीशंकर पेट्रोल पंप, केसर नगर सहित शहर के अधिकाशं हिस्सों में सड़क पर गड्ढों की शिकायतें आ रही हैं।

# बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया : भाजपाईयों ने अमृतकाल बताया, कांग्रेसियों ने कहा- कॉपी किया गया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता अशोक चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया वह सर्वोन्मुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपए। महिला के लिए 3 लाख करोड़ रुपए। 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके 4 करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिया जाएगा यह अपने आप में बहुत बड़ी योजना है। कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। पहली बार कांग्रेस को आलोचना करने मौका नहीं मिला। पी चिदंबरम ने बजट की सराहना की है और कांग्रेस पार्टी ने कहा कि हमारे विजन से ही नकल करके बजट बनाया गया है। इसके लिए सरकार को कांग्रेस को धन्यवाद देना चाहिए। आशुतोष जैसे पत्रकार जो कभी भी सरकार की आलोचना करने में नहीं चूकते उन्होंने भी बजट की सराहना की है। कुल मिलाकर बजट देश के सर्वस्व विकास को देखते हुए अच्छा बजट कहा जाएगा। सरकार को यह देखना होगा कि बजट का क्रियान्वयन सही तरीके से हो।

**आम जनता को गुमराह करने वाला बजट : कुलबीर सिंह**

केंद्रीय बजट को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जनता को गुमराह करने वाला और ठगने वाला बजट करार दिया है। छाबड़ा ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पायी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी 'रेवड़ियां' बाँट रहा है, ताकि एनडीए की सरकार बची रहे। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जन-कल्याण और आदिवासियों पर बजट में आबंटन से कम खर्च किया है क्योंकि ये भाजपा की प्राथमिकताएँ नहीं हैं। इसी तरह कैपिटल एक्सपेंडिचर पर 1 लाख करोड़ कम खर्च किया है, तो फिर नौकरियाँ कहाँ से बढ़ेंगी

**डबल इंजन की सरकार के बजट में छग से बेरुखी क्यूं : मुदलियार**

कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार ने एनडीए सरकार के बजट में कांग्रेस की घोषणाओं को शामिल किए जाने पर कहा कि, सरकार ने मान लिया है कि देश में बेरोजगारी संकट किस हद तक बढ़ चुका है। मुदलियार ने कहा कि, दुःखद है कि जिस सरकार के मुखिया छत्तीसगढ़ में अपनी गारंटी की बात कहते हैं उनके बजट में छत्तीसगढ़ का नाम तक नहीं लिया गया। ये सरासर प्रदेश से छलावा है। डबल इंजन की सरकार के बजट में ये बेरुखी हतोत्साहित करने वाली है।मुदलियार ने कहा कि, विगत दस वर्षों से करोड़ों रोजगार का दावा करने वाले मोदी सरकार ने कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के मेनिफेस्टो में शामिल विषयों को उठाकर साबित किया है कि, वे दस साल अफसल रहे। एंजेल टैक्स खत्म किए जाने और बड़ी कंपनियों में शिक्षित बेरोजगारों को इंटर्नशीप और भत्ते की घोषणा कांग्रेस ने की थी।

**आम जन हितैषी बजट , सभी वर्गों का ध्यान - बिशेसर दास**

सांसद प्रतिनिधि बिशेसर दास साहू ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है वह सर्वोन्मुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपए। महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए। 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके 4 करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिया जाएगा यह अपने आप में बहुत बड़ी योजना है। कौशल विकास में प्रशिक्षित लोगों के लिए मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया है इससे सभी लोगों को रोजगार मिलेगा और वह अपने स्तर पर अन्य लोगों को रोजगार देने में सक्षम होंगे। साहू ने आगे कहा कि कैंसर की दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूडस का सस्ता किया जाना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार की सोच कितनी दूरदर्शी है।

**सबका साथ, सबका विकास वाला बजट : हिरेंद्र साहू**

मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल का पहला बजट सबके साथ सबका विकास सब का विश्वास को लेकर सर्वांगीण विकास का बजट है जिसे विपक्ष बचा नहीं पा रही है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिरेंद्र साहू ने कहा कि अब धान के साथ-साथ दलहन तिलहन एवं सब्जियों में विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके साथ-हमारे गरीब किसान भाइयों को प्रधानमंत्री आवास 3 करोड़ पक्का मकान बनाने का बनाने का जो लक्ष्य है वह छत्तीसगढ़ के गरीब किसानों को मिलेगा।

**जन सुविधा में व छग के साथ अन्याय का बजट : कुसुम दुबे**

प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव अधिवक्ता कुसुम दुबे ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की यह बजट आम जनता के साथ छल और छग के साथ अन्याय करने वाला है। बजट में न तो सीनियर सिटीजन, छात्रों, मासिक पास धारियों को जो रेलयात्रा में छूट मिलती थी उसका प्रावधान नहीं किया जाना दुःखद है। छत्तीसगढ़ के लिए कोई भी सड़क परियोजना का प्रावधान न करने के साथ-साथ छ ग में नया रायपुर में एम्स के लिए 4 वर्ष पूर्व की घोषणा जिसके लिए भूमि अधिग्रहित कर केंद्र को सौंप गई है उसके लिए भी केंद्र सरकार ने कोई राशि का प्रावधान नहीं किया है। रिचार्ज महंगा, मोबाइल सस्ता जनता के साथ मजाक भी है। इससे यह साबित होता है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय का सिलसिला लगातार जारी रखे हुए हैं।

**भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सहायक बजट : किशुन यदु**

नगर निगम राजनांदगांव नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि भारत को विकासशील राष्ट्र बनाने के लिए वो सभी बातें इस बजट में रखी गई हैं जिससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो सकें। वित्त मंत्री ने गरीब, युवा, अन्नदाता, महिला पर फोकस करते हुए इस बजट को जारी किया है। इससे न सिर्फ रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे बल्कि किसानों को भी समृद्धि मिलेगी और साथ महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह अमृतकाल का बजट शताब्दी पर विकसित भारत की ऊंचाई को छूने वाला बजट है। उच्च बहुराष्ट्रीय कंपनियों में युवाओं को 5 साल इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी, उन्हें आर्थिक सुविधा भी उपलब्ध कराया जाएगा , ट्रेनिंग के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी, युवा पहल की तुलना में और अधिक कुशल युक्त होंगे। किशुन यदु ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार देश के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आज जारी बजट इस बात का प्रमाण है कि हर वर्ग के पालक के रूप में मोदी जी ने विकास का यह बजट पेश किया है।

**उच्च शिखर तक पहुंचाने वाला बजट : शिव वर्मा**

पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री संसद में मोदी सरकार का बजट पेश कर चुकी हैं। इस दौरान सरकार ने वेतन भोगियों, पेंशन भोगियों, किसान, महिलाओं, युवा, छात्रों समेत कई वर्गों के लिए बड़े ऐलान किए। गरीब, युवा, महिला, किसान जैसे प्रमुख वर्गों पर ध्यान देने की कोशिश है। रोजगार, कौशल, एमएसएमई, मध्यम वर्ग पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं के लिए सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये लोन देने का ऐलान किया है। यह सहायता विशेष रूप से उन छात्रों को दी जाएगी, इसके लिए एक लाख छात्रों को हर साल ई वाउचर दिए जाएंगे। भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि लगातार शानदार बनी हुई है।

## निर्माणाधीन फोरलेन में हादसे का शिकार हो रहे राहगीर, फोरलेन निर्माण को लेकर राजनैतिक भीतरघात की चर्चा

# राहगीरों के लिए यमराज बन गया है फोरलेन का ठेकेदार

राजा राणा < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में लगभग 18 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन फोरलेन यूँ तो स्थानीय नागरिकों के लिए अभिशाप बन गया है। बगैर ड्रेनेज प्लानिंग के बेतरतीब व स्तरहीन निर्माण अब बारिश के दिनों में जानलेवा साबित हो रहा है। बेतुके ढंग से बनाये गए डिवाईडर में राहगीर रोजाना हादसे का शिकार हो रहे हैं। राहगीरों के लिए तो ठेकेदार यमराज साबित हो रहा है। दरअसल नगर से गुजरने वाले स्टेट कारीडोर में वार्ड 8 स्थित नहर के पास स्तरहीन सडक् निर्माण के चलते सडक् में ही बड़े बड़े गड्डे बन गए हैं। उन गड्डों में थोड़ी बारिश में ही जलजमाव की स्थिति बन जाती है। इन गड्ढे में वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मंगलवार को मेनरोड में जलभराव होने से गड्ढे दिखाई नही देने से दो वाहन चालकों के हाथ व पैर की हड्डी टूट गई। एक अबोध सवार के सिर फटने सहित एक मिडियाकर्मी भी दुर्घटनाग्रस्त हुए है। इस घटना के बाद संबंधित ठेकेदार अथवा पीडब्ल्यूडी विभाग के कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे थे। उक्त स्थल में प्रेस क्लब डोंगरगांव के पदाधिकारियों द्वारा राहगीरों के सहयोग से घटनास्थल की बेरिकेटिंग कर दुर्घटनाजन्य स्थल से रूट डायवर्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि शेड्यूल एवं डीपीआर के विरूद्ध कार्य होने से डामरीकरण का कार्य अपनी हकीकत खुद बयान कर रहा है। सूरत ए हाल ये है कि सडक् के जीरो माईल से लेकर अंतिम छोर तक एक माह की सडक् गड्डों में तब्दील हो गई है। हालांकि पुर्व में नगर में फोरलेन के लिए अमानक तोड़फोड़ व बेतरतीब डिवाईडर निर्माण को लेकर नगर में दो बड़े आंदोलन भी हो चुके हैं, परन्तु विभाग ठेकेदार पर लगाम कसने की बजाए ठेकेदार को ही संरक्षण देकर अपनी जेब भरने में लगे हैं। आलम तो ये है कि इस मसले में राजनैतिक भीतरघात भी लगातार सुर्खियों में है।

### बगैर ड्रेनेज स्तरहीन सड़क निर्माण

दरअसल किसी बड़े प्रोजेक्ट में किसी स्तरीय ठेकेदार के द्वारा पहले ड्रेनेज सिस्टम बनाकर बीटी किया जाता है, लेकिन गाँव मे वनलेन या डब्ल्यूबीएम सड़क बनाने वाले ठेकेदार को फोरलेन का टेंडर मिल जाने से स्टेटहाइवे का फोरलेन निर्माण उलझ कर रह गया है। ठेकेदार लेखु द्वारा पहले सड़क खुदाई कर नगर का पाईप लाइन तोड़ दिया गया। तो अब नौसिखिए एसडीओ होने से ड्रेनेज सिस्टम को लेकर विभाग व ठेकेदार दोनों ही गफलत में हैं।

### निकाय व पीडब्ल्यूडी आमने सामने

मंगलवार को पेट्रोल पंप के समीप पानी निकासी नही होने से आवाजाही बाधित हो गई थी। कुछ वाहनधारी राहगीर गढ्डे में गिर गये थे। कुछ राहगीरों को गंभीर चोटें आईं। इस विषय मे पीडब्ल्यूडी एसडीओ नाली बनाकर जलभराव की निकासी करने का दावा कर रहे हैं। इधर नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढा ने जलभराव की जानकारी मिलने के बाद निकाय के जेसीबी से नाली काटकर पानी निकासी करने एवं बेरिगेटिंग कराने की बात मीडिया को बताई है।

### एक ही दिन में 7 एक्सिडेंट 4 घायल

दुर्घटनाओं से मुक्ति के लिए साढ़े 18 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन फोरलेन लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। मंगलवार को सुबह सात वाहनधारी सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। इन दुर्घटनाओं में चार व्यक्तियों को गंभीर चोटें आयी हैं। घटना के बाद ठेकेदार के लिए आक्रोश पनप गया था। इस मामले में संबंधित ठेकेदार लेखराम साहू से मोबाईल नंबर 9406081449 से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु ठेकेदार द्वारा कॉल रिसीव नही किया गया।

नाली काटकर नहर में पानी निकासी की जा रही है। गड्डों को डब्ल्यूएमएम से भरा जायेगा।

-हर्षद साहू, एसडीओ पीडब्ल्यूडी

# 17 साल से एक ही तहसील में नौकरी कर रहे पटवारियों का कलेक्टर डॉ. मित्तल ने दूसरे तहसील में किया तबादला

## लंबे समय से एक ही स्थान में पदस्थ थे पटवारी, पहली सूची में 27 का तबादला

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लंबे समय से एक ही स्थान और तहसील में जमे पटवारियों का तबादला कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कर दिया है। जिले के तहसीलों में पदस्थ पटवारियों को लम्बे समय से लगातार एक ही तहसील में पदस्थ रहने के कारण प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले के 27 पटवारियों को आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन तहसील में पदस्थापना दिया गया है।

**17 वर्षो से पदस्थ पटवारी** –17 वर्षो से एक ही तहसील में रहने वाले फरसाबहार तहसील के पटवारी हितेन्द्रनाथ पैंकरा को दुलदुला, दुलदुला के पटवारी ज्ञानदास खेस्स को कुनकुरी और बगीचा तहसील के पटवारी श्यामलाल नागेन्द्र को कांसाबेल और आलोक खेस्स को पत्थलगांव तहसील में पदस्थ किया गया है।

**16 वर्षो से पदस्थ पटवारी** –इसी प्रकार 16 वर्षो से एक ही तहसील में रहने वाले फरसाबहार तहसील के पटवारी टीकम सिंह पोर्ते को दुलदुला, कांसाबेल के प्रदीप कुमार नायक को बगीचा, कांसाबेल फुलजेंसिया टोप्पा को बगीचा तहसील में पदस्थ किया गया है।

**15 वर्षो से पदस्थ पटवारी** –इसी प्रकार 15 वर्षो से एक ही तहसील में रहने वाले बगीचा विकासखण्ड के पटवारी ललित साय सिदार को पत्थलगांव, पत्थलगांव तहसील के पटवारी मदन राम भगत को फरसाबहार, असीमा बिलास खाखा को कांसाबेल, नंदलाल सिदार को बगीचा तहसील कार्यालय में पदस्थ किया गया है।

**14 वर्षो से पदस्थ पटवारी** –इसी प्रकार 14 वर्षो से एक ही तहसील में रहने वाले जशपुर तहसील के पटवारी तरूण कुमार खलखो को मनोरा, फरसाबहार के सुखसाय भण्डारी को दुलदुला, मनोरा के चन्द्रशेखर पटेल को जशपुर, दुलदुला के जितेन्द्र मोहन प्रधान को कुनकुरी, दुलदुला के अनुप मिंज को फरसाबहार, कांसाबेल के मनोज कुमार पैंकरा और दिव्या ज्योति कुजूर को बगीचा, बगीचा के विवेक सिंह ठाकुर को दुलदुला, बगीचा के अमित कुमार चौहान को कांसाबेल और पथलगांव के सलोमी कुजूर को कांसाबेल तबादला किया गया है।

**12 वर्षो से पदस्थ पटवारी** –इसी प्रकार 12 वर्षो से एक ही तहसील में रहने वाले दुलदुला तहसील के पटवारी दिलीप कुमार को फरसाबहार, कांसाबेल तहसील के पटवारी सुनील कुमार को पत्थलगांव, बगीचा तहसील के शिवदयाल सिदार को पत्थलगांव, वैजन्ती रानी चौहान को कांसाबेल तथा कुनकुरी तहसील के पटवारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं विजय कुमार पैंकरा को तहसील कार्यालय बगीचा में पदस्थ्या किया गया है।

# बिना अनुमति के कर डाला हरे भरे बरगद वृक्ष की कटाई छटाई

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




वर्तमान में जहां केंद्र सरकार द्वारा एक वृक्ष मां के नाम जैसे राष्ट्रब्यापी योजना चलाया जा रहा है। वही शिवरीनारायण जैसे धार्मिक नगर में मथुरा माली पटेल समाज के द्वारा मंदिर से सटे हुए बड़े बरगद के पेड़ को अपने समाज के निजी मंदिर के नाम पर धर्म को आड़ लेकर कटाई छटाई कर दिया गया है। या कहे कि छटाई के नाम पर पटेल समाज द्वारा बरगद के पेड़ का एक भारी हिस्सा काट दिया गया है जिससे कि बरगद पेड़ के रोपको को हृदयघाति अहात पहुंचा है, शीघ्र बरगद पेड़ के रोपको द्वारा प्रशासनिक न्याय कि मांग किया जाऐगा। सज्जनो के द्वारा मथुरा माली समाज के लोगों को कहा गया था कि पेड़ काटने से पहले आप प्रशासनिकअनुमति ले लें साथ ही पेड़ के रोपक परिवार से मुलाकात कर समस्या और समाधान की बात कर ले। पर मथुरा माली समाज के अध्यक्ष के कानो में जू नही रेंगी अध्यक्ष के इस गुनाह में समाज के लोगों ने अपनी मौन भागीदारी दर्ज कराया है। इस मथुरा माली समाज को कानून और नियमों का कोई ड़र भय नही है। इस समाज के द्वारा मंदिर के नाम पर मंदिर के सामने वाले एक बड़े शासकीय भू भाग पर भी बेजा कब्जा करने के मंशा से पत्थर गिरवा कर रखा गया है लंबे समय से धर्म के नाम पर राष्ट्रीय हितो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शासकीय जमीन हड़पी जा रही है। तकलीफकी बात यह है कि वहां पर से नगर के कई जनप्रतिनिधियों का आना जाना हैं और बहुत से पंचायत के कर्मचारी भी वहां से रोज अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के लिए गुजरते हैं लेकिन इस ओर न कोई जनप्रतिनिधि ने और न ही कोई कर्मचारी ने संज्ञान लिया। एक शब्दो में कहे तो जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मुख बधिर की भूमिका में रहे। शायद प्रशासन को किसी के शिकायत पत्र की इंतजार है उसके बाद कोई कर्रवाई हो। तब तक यह हरा भरा बरगद का पेड़ एक अपाहिज हो चुका होगा। वृक्षो के प्रति संवेदनाहीन इस सामाज के सभी पदाधिकारीयों पर दंडात्मक कड़ी कार्यवाही होना जरूरी है।

मेरे कार्यालय से वृक्ष कटाई छटाई संबंधी वीकृति किसी को नही दिया गया है ।
**-आशीष तिवारी सीएमओ नगर पंचायत शिवरीनारायण**

मेरे समक्ष वृक्ष की कटाई छटाई का आवेदन किसी समाज के पदाधिकारी व्दारा अभी उपस्थित नही हुआ है ।
**-के. के. जायसवाल तहसीलदार शिवरीनारायण**

# जिले के महत्वपूर्ण बांधों में पानी की आवक शुरू अच्छी बारिश से किसानो की माथे की शिकन हुई कम

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश का सबसे बडा बांध गंगरेल बांध जिसे पं रविशंकर शुक्ल जलाशय परियोजना के नाम से भी जाना जाता है वह इस ग्रीष्म ऋतु में सूखने की कगार पर पहुंच चुका था जिसके कारण सभी के चेहरे पर चिंताएं दिख रही थी लेकिन अंततः इंद्रदेव की मेहरबानी से पिछ्ले 3 दिनों से क्षेत्र में झमाझम बारिश से गंगरेल बांध जिसमें केवल 6 टीएमसी पानी शेंष बचा था अब कैचमेंट एरिया से पानी की आवक लगातार होने से तीन दिनों में ही 4 टीएमसी पानी गंगरेल बांध में पहुंच चुका है वर्तमान स्थिति की बात करें तो कैचमेंट एरिया से लगभग 14166 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। लगातार हो रही बारिश से ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि पानी की आवक और बढेगी और वह गंगरेल बांध जिसका गला सूखने की कगार पर था पूर्णतया जलधारण क्षमता के पास पहुंच जाएगा एवं एकबार फिर गंगरेल बांध सभी की प्यास बुझाने एवं आवश्यक कार्यो के लिए जल की उपलब्धता कराने में समर्थ हो जाएगा। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत से दूरभाष पर चर्चा के दौरान उन्होने बताया कि गंगरेल बांध में 9.3 टीएमसी पानी भर चुका है आवक 14166 क्यूसेक की हो रही है कैचमेंट एरिया में हो रही लगातार बारिश से पानी की आवक लगभग 20000 क्यूसेक से अधिक होने की संभावना है।

वहीं जिले के सभी महत्वपूर्ण बांधों में भी जमकर पानी की आवक जारी है जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुरूमसिल्ली, सोंढूर व दुधावा में उपरी क्षेत्रों में बारिश होने से तीनों ही बांधों में अच्छी आवक लगातार जारी है एवं मौसम विभाग की माने तो आगामी 2 से 3 दिनों तक बारिश की गातिधियां जिले में जारी रहेंगी।

# कलेक्टर का आदेश....पीएम आवास की राशि गबन करने वालों की बनाएं सूची, होगी कार्रवाई

## जनपद सीईओ की बैठक लेकर ग्रामीण विकास की प्रगति का कलेक्टर ने लिया जाएजा

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जनपद सीईओ की बैठक ली। बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने के निर्देश दिए। प्राथमिकता के साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें। उन्होंने पीएम आवास की ब्लॉकवार जानकारी ली तथा शेष आवास को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं हितग्राही वार जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन के तहत बन रहे आवास की भी जानकारी ली एवं समय पर पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड हेतु शिविर लगाकर आधार कार्ड अपडेट करने कहा। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने और भी पौधा रोपण के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर, आयुष्मान कॉर्डिनेटर सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। उन्होंने ऐसे हितग्राही जो पीएम आवास के पैसे गबन किए है उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेट, सशक्त जशपुर, जनमन, पीएम आवास की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने नरेगा द्वारा स्वीकृत कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सशक्त जशपुर के तहत दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क बस पास जारी करने कहा।

# जनदर्शन में मिले 61 आवेदन



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन की मंशानुरूप आमजनों की समस्या, शिकायत और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता से उन पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आज आयोजित जनदर्शन में प्रमुख रूप से भूमि आबंटिन कराने, मनरेगा कार्य की मजदूरी दिलाने, ग्राम पंचायत अलग कराने, टीसी निकलवाने, आवास स्वीकृत करने, अवैध कब्जा हटाने, पट्टा प्रदाय कराने, स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ दिलाने, फसल क्षतिपूर्ति दिलाने, शिक्षक को यथावत् रखने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने सहित दिव्यांगता पेंशन और श्रम कार्ड बनाने संबंधी कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए।

# सडकों की दुर्दशा और मवेशियों का आतंक वाहन चालको के लिए बड़ी समस्या



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़के मरम्मत नहीं होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ आवारा मवेशियों का जमावडा दुसरी तरफ सडको पर बने बडे बडे गढ्ढे की बडी दुर्घटना को दावत दे रहे है,और आलाअधिकारी अधिनस्थो को फरमान जारी करते नजर आ रहे है। सडको की दुर्दशा और मवेशियों का आतंक वाहन चालको के लिए बडी समस्या है। बरसात के दिनो में इन गढ्ढो में पानी भरा रहता है। जिससे रात्री के समय वाहन चालन में असुविधा होती है। जिला मुख्यालय को ग्रामीण क्षेत्रो से जोडने वाली सडको का भी हाल - बेहाल है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर गांव की सड़के जर्जर एवं गड्ढ़ेयुक्त हो गई है। जर्जर सड़कों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसका हालिया उदाहरण पण्डरिया रोड में देखने को मिला है। पण्डरिया रोड में गड्ढ़ेयुक्त सड़क पर ई-रिक्शा पलटने से रिक्शे में सवार दर्जन भर छात्र-छात्राएं दुर्घटना से बाल-बाल बची। कुछ को सामान्य चोटें आई।

सबसे खराब स्थिति जिला अस्पताल वाली सडक और लोरमी बायपास से पडाव चैक के बीच की - इन सड़को को पार कर गंतव्य तक पहुचना जान जोखिम में डालने के सामन है। रायपुर रोड से खर्राघाट पुल होकर, दाउपारा से रामगढ़ होकर तथा बिलासपुर रोड मुख्य मार्ग से छोटी पुलिया के बगल से पुलिस लाइन होते हुए जिला अस्पताल जाने का मार्ग है।

# धमतरी शहर के प्रमुख मार्गो में वाहनों के लिए गति सीमा बोर्ड लगाए जाएंः कलेक्टर नम्रता गांधी

■ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने शहर के प्रमुख मार्गो में हल्के एवं भारी वाहनों के लिए गति सीमा बोर्ड (30 कि.मी. प्रति घंटा) लगाने तथा मुजगहन-आमदी मार्ग में दुर्घटना की संभावनाओं के मद्देनजर जगह-जगह हुए गड्ढों की जल्द से जल्द मरम्मत करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने पुलिस और परिवहन विभाग को ओवर स्पीड वाहनों पर कार्यवाही करने कहा। साथ ही स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने वाले वाहनों की नियमित जांच, सहित प्रदूषण जांच, कंडम वाहन, प्रेशर हार्न, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, वाहन चालन के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग, नशा कर वाहन चालन सहित फिटनेस जांच की कार्यवाही करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के राष्ट्रीय, राजकीय, अन्य मुख्य मार्गो में आवारा घूमने व बैठने रहने वाले मवेशियों को दुर्घटनाओं से एवं हो रहे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बनाए गए गौठानों में रखने के निर्देश नगरनिगम को कलेक्टर ने दिए। साथ ही शहर के भीड़-भाड़ स्थानों का चिन्हांकन कर नो पार्किंग बोर्ड लगाने, गोल बाजार के दोनों ओर रेलिंग लगाने, शहर के मार्गो में बैठने व घूमने वाले आवारा मवेशियों पर नियमित कार्यवाही करने कहा गया। इसके अलावा शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि शासकीय एवं निजी स्कूलों में नाबालिग विद्यार्थियों द्वारा दोपहिया वाहन में स्कूल आने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाई जाए। बैठक में शहर के अंद भारी वाहन के प्रवेश के समय को निर्धारण कर सख्ती से लागू कराने, भखारा के प्रवेश एवं निर्गम द्वार में गति नियंत्रण के लिए ब्रेकर बनाने एवं गतिसीमा बोर्ड लगाने, विकासखण्ड स्तर पर एक बार सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित करने, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विभागों में आईआरएडी के तहत लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के संबंध में समीक्षा की गई।

# सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में दिन भर श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ रही

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में दिन भर श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ रही। भक्तजन बेलपत्र, धतुरा, शमी पत्र, अर्पित कर दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक करते रहे। शिवालयों में श्रावण सोमवार को विशेष सजावट की गई। सावन झूला उत्सव का भी आयोजन किया किया गया है। शिव भक्ति का श्रावण माह भी आज से शुरू हो गया है। श्रावण माह का प्रथम सोमवार होने की वजह से भक्तों की शिवालय में विशेष भीड़ रही। मंदिर में सुबह से रात्रि तक भक्तजनों की भीड़ लगी रही। नगर के प्रमुख नंदी चैक स्थित खेमगिर शंकर मंदिर, शिव मंदिर खर्राघाट, शिव मंदिर बुधवारी, शिव मंदिर सेतगंगा, सोनार पारा स्थित शंकर मंदिर में सावन सोमवार पर भक्तजन पूजा-अर्चना करते रहे। शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के बोल गूंजते रहे। बेल पत्ती व दूध तथा जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। भक्त सावन सोमवार पर उपवास रखकर शिवजी को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्ती व धतूरा, शमी पत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना करते रहे। भक्तजनों द्वारा दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किया जाता रहा। नगर के मल्हापारा स्थित प्रसिद्ध शंकर मंदिर में सावन झूले का आयोजन किया गया है।

झूले में माता यशोदा भगवान कृष्ण को गोद में लेकर विराजमान है। सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में महिलाओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। सेतगंगा में शिव आराधना का पवित्र मास सावन के प्रथम दिवस से ही अद्वितीय, पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक, प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा मे बड़ी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक कर उनका आशीर्वाद लेते रहे। सावन मास प्रारंभ होते ही शिव भक्त कावड़िये बोल बम बम बम भोले का उद्घोष करते हुए सड़कों पर नजर आने लगे हैं। श्रद्धालु गंगा जल, भंग, भस्म, लाल चंदन, रुद्राक्ष, आंक के फूल, धतूरे के फल, बेल पत्र, शमी पत्र, दूध, चांवल, कनेर का फूल सहित अन्य सामग्री से पूजा कर भोले नाथ को प्रसन्न करने मनोवांछित फल की कामना करने लगे है।

## राहगीर परेशान, प्रशासन नहीं कर रहा है निकासी की व्यवस्था

# शिवरीनारायण के बाय पास मोड़ के सड़क पर भरा बारिश का पानी

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शिवरीनारायण के सबसे व्यस्त मार्ग बाय पास मोड़ सब्जी मंडी मोड़ के पास घुटनो तक पानी भर गया है। इस वार्ड में बारिश के पानी का निकासी नहीं होने के कारण हर वर्ष बारिश के समय सड़क पर पानी भर जाता है। पानी भरने के कारण पैदल राहगीरों को यहां से निकलने में परेशानी होती है। यहां दोपहिया और चारपहिया वाहन भी सड़क पर पानी अधिक होने के कारण बीच रास्ते में ही बंद हो जाती हैं। समस्या हर साल बारिश के मौसम में ही उत्पन्ना होती है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन ने इस समस्या के निराकरण का कोई प्रयास नहीं किया है। नगर के बाय पास मोड़ रोड पर पानी की निकासी नहीं होने के कारण बारिश से दो फिट तक पानी भर जाता है। ऐसे में वाहन चालकों को यहां से वाहन निकालने में भारी परेशानी होती है। मुख्य सड़क पर भरा पानी कई बार दोपहिया और चार पहिया वाहनों में भर जाता है। इस कारण वाहन बीच पानी में ही बंद हो जाते हैं। ऐसे में धक्का लगाकर पानी से बाहर निकलना पडता है। जिसमें लोगों के कपडे भी गीले हो जाते हैं। दोपहिया व चार पहिया वाहन सड़क पर हुए गड्डे में अचानक पहिये फंस जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहन अचानक सड़क पर हुए गड्डो में अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। जिसमें बाइक सवार को कई बार चोट भी आ जाती है। इंजन में पानी भरने से खराब हो जाते हैं वाहन।

**नगर में दुर्घटना का कारण बन रहे हैं गड्ढे**–नगर में कई ऐसे रोड है जिसमे विभाग की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है नगर में लोगों को मजबूरी वश इन गड्ढों भरे रोड़ों से आवागमन करना पड़ रहा है। जो कई बार दुर्घटना का शिकार बन जा रहा है। नगर में जर्जर सड़क का हालत देखकर स्थानीय लोग भारी रोष में हैं।

**मरम्मत की दरकार, प्रशासन का ध्यान नहीं**–सड़क इतनी खराब हो गई है कि जगह-जगह लंबे चैड़े खाईनुमा गढ्डे बन गए हैं। हल्की सी बारिश में खतरनाक रूप ले लेते हैं। इससे राहगीरों को भयावह लगते हैं। सड़क की मरम्मत पर लोक निर्माण विभाग व्दारा ध्यान नहीं देना समझ से परे है।

**दुकानदार मलवा पाटकर पानी रोक दिया है**–वही बाय पास सब्जी मंडी की रोड की बात करे वार्ड के लोगो के द्वारा अपने-अपने मकानों के सामने मलबा पाट कर पानी को रोक दिया है जिससे की रोड में ही पूरा पानी भर जा रहा है इस और नगर पंचायत की भी लापरवाही सामने आ रही है जब इस वार्ड में खुद पार्षद वही पर रहते है उसके बाद भी उनका इस ओर कोई ध्यान नही है अगर जिस समय लोगों ने अपने मकानों के सामने में मलबा पाटना शुरू किया उस टाइम उनको मनाही कर सकते थे लेकिन अब देखा जाए तो वार्ड के कुछ लोगो के वजह से पूरे राहगीरों का इस रोड से चलना मुश्किल हो गया हैं।

**गंदे पानी से मौसमी बीमारियां फैलने की आशंका**–नगर में बाय पास मार्ग सब्जी मंडी के पास गंदा पानी अवरूद्ध होकर सड़क पर पानी के जमाव से मच्छर पनपने से मौसमी बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई हैं।

# मेडिकल स्टोर में अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में नशीली दवाईयों के दुरूपयोग रोकने हेतु नियमित रूप से औषधि विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में औषधि निरीक्षकों के द्वारा तहसील पथरिया स्थित महामाया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेडिकल से एंटीबायोटिक औषधि ओफलाक्सासीन टेबलेट का नमूना संग्रहण कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु रायपुर स्थित राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसी तरह तहसील मुंगेली एवं तहसील लोरमी के मेडिकल प्रतिष्ठानों से विभिन्न औषधियों का नमूना संग्रहण कर भेजा गया है। औषधियों के प्राप्त परिणाम अनुसार कार्यवाही की जाएगी। औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मेडिकल प्रतिष्ठानों में पाये गये अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया है। इसके साथ ही नियमावली के अनुरूप औषधियों के क्रय-विक्रय करने व व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।

# अपने काम को पूरी ईमानदारी और दक्षता से करना ही देशसेवा : मुख्यमंत्री साय

## स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री से पूछे विधानसभा संचालन को लेकर प्रश्न

■ स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री के जवाबों को सुना उत्सुकता पूर्वक

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



आप जिस रूप में भी देश की सेवा करना चाह रहे हैं, उस रूप में देश की सेवा कर सकते हैं। एक अच्छा डॉक्टर बन मरीजों की सेवा कर देश की सेवा कर सकते हैं, जनप्रतिनिधि बनकर जनता की समस्याएं दूर कर लोगों की मदद कर सकते हैं। अपने काम को बेहतर तरीके से और पूरी ईमानदारी से करना ही, आज के समय में सच्ची देश सेवा है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा परिसर भ्रमण के लिए कृष्णा पब्लिक स्कूल तुलसी, रायपुर से आए बच्चों के प्रश्नों के उत्तर में कही। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय से बच्चों ने सदन में विपक्षी विधायकों के सवाल-जबाव, विधानसभा क्षेत्रों की समस्याएं दूर करने और अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा की कार्यवाही के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि सबसे पहले प्रश्नकाल होता है और इसके पश्चात सदस्य यदि किसी महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं, तो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लेकर आते हैं। इसी तरह से उन्होंने शून्यकाल, तारांकित, अतारंकित प्रश्न, अन्य प्रस्ताव, बजट के ऊपर एवं विधानसभा में होने वाली अन्य चचाओं एवं विधानसभा संचालन और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की समस्याएं दूर करने के लिए विधायकों के पास विधायक निधि होती है। इसके अलावा विभागीय बजट से भी कार्य स्वीकृत किए जाते है। विधायकों को मतदाता चुनकर भेजते हैं और क्षेत्र का विकास उनकी जिम्मेदारी होती है, इसलिए वो लगातार सवाल करते है। दो विभागों के बीच विवाद की स्थिति को लेकर बच्चों की जिज्ञासा दूर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि नीति और नियत साफ है तो ऐसी स्थिति नहीं बनती है। मुख्यमंत्री साय के लंबे संसदीय अनुभव से बच्चों को बहुत सारी जानकारियां मिली और उन्होंने मुख्यमंत्री को उत्सुकता के साथ सुना। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आप सभी निष्ठा से परिश्रम करते रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। निजी स्वार्थ को छोड़कर हमें देशहित के लिए हमेशा समर्पित होकर कार्य करना होगा। जिस भी रूप में आप देशसेवा करना चाहते हैं, उसे तय कर इस दिशा में प्रयास करते रहें। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 साल की उम्र में मेरे पूज्य पिताजी का देहांत हो चुका था और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच पाउंगा। मेरी इच्छा उन्नत किसान बनने की थी। लेकिन इस सफर में जो जिम्मेदारियां मुझे मिली, मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाता रहा।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर भोरमदेव से अमरकंटक तक कांवड़ियों के लिए विशेष इंतजाम



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

पवित्र सावन माह के आगमन के साथ ही शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर इस यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि यात्रा में भक्तगणों को दिक्कत न हो। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार, कांवड़ियों के लिए 15 से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें 4 पुलिस पेट्रोलिंग टीमें और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की ड्यूटी शामिल है। कांवड़ियों के लिए यात्रा के दौरान 20 से अधिक स्थानों पर ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था है। भोजन में दाल-भात, सब्जी, मीठा जैसे खीर, पुड़ी और हलवा शामिल हैं। इस व्यवस्था की निगरानी में बोलबम समन्वय समिति और स्थानीय अधिकारी जुटे हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर कांवड़ियों के लिए विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पदयात्रा के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पेट्रोलिंग पार्टियों का गठन किया है। कवर्धा से बेमेतरा हाईवे रोड, कवर्धा से भोरमदेव, बोड़ला-पोड़ी-पंडातराई-पंडरिया, और पंडरिया से कुकदूर सरहदी क्षेत्र तक पेट्रोलिंग पार्टियों को तैनात किया गया है। सावन माह के दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा की पहल और निर्देशों के तहत कांवड़ियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और ठहरने की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे वे बिना किसी कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आगमन पर उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन पर उत्कृष्ट सेवा भाव से कार्य करने वाले राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने सम्मानित करने हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर यशवंत कुमार ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य से छत्तीसगढ़ राज्य की अच्छी छवि बनती है। विगत माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर आये थे और उन्होंने राजभवन में विश्राम किया था। इस दौरान राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्तम सेवा भाव का प्रदर्शन करते हुए अच्छी से अच्छी व्यवस्था बनाने के लिए कार्य किया। राजभवन की व्यवस्था की प्रधानमंत्री द्वारा भी सराहना की गई। सचिव ने सभी को लगन और मेहनत से कार्य करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उप सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में खाद-बीज की कमी नहीं, किसानों के सहुलियत के मुताबिक हो रहा है खाद-बीज का वितरण : रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश के किसानों को अब तक 10.28 लाख मीट्रिक टन खाद जो लक्ष्य का 75 प्रतिशत वितरित हो चुका है। इसी प्रकार किसानों को 8.53 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 87 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। राज्य में अब तक 34.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र याने 71 प्रतिशत में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

# केन्द्रीय बजट विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बजट को विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों की सराहना की और इसे देश सहित प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए आवंटित राशि से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों को भी सराहा। उन्होंने कहा कि नए उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। 5 साल में 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप, स्किल इंडिया के तहत युवाओं को प्रशिक्षित और पुनर्प्रशिक्षित करने के कदम से देश में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहन देने के लिए उठाए गए कदम से देश तकनीकी क्षेत्र में उन्नत बनेगा। उन्होंने कहा कि शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किए गए कोष से नई खोजों और आविष्कारों को बल मिलेगा।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403